भोपाल
सोमवार, 6 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -04
वर्ष : 13, अंक : 04
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


13 मीनाक्षी और जैसमीन की...



विचार पेज
08 विश्वास से शिखर तक विराट यात्रा

हाईकोर्ट की दो बड़ी खबरें

1 19 वर्षीय युवती बोली: 21 साल बड़े पति का साथ नहीं मंजूर

# ग्वालियर हाईकोर्ट का 'बड़ा' फैसला पत्नी को प्रेमी संग रहने की दी मंजूरी

सुरक्षा के लिए दो महिला पुलिसकर्मी 'शौर्या दीदी' नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई करते हुए 19 वर्षीय युवती की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए उसे अपने प्रेमी के साथ रहने की



फाइल फोटो

अनुमति दे दी। युवती की सुरक्षा और मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के लिए अगले छह माह तक दो महिला पुलिसकर्मियों को 'शौर्या दीदी' के रूप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र यादव की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका अवधेश की ओर से अधिवक्ता सुरेश पाल सिंह गुर्जर ने दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी (अवधेश की) ▶▶ शेष पेज 6 पर

2 इंदौर हाईकोर्ट में छुट्टी के दिन भी हुई सुनवाई

# नाबालिग के अपहरण मामले में दबंगों के नाम एफआईआर से गायब, कहा-बच्ची को पेश करो

महीनेभर में भी बालिका को तलाशने की कोई कोशिश नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एक नाबालिग किशोरी का अपहरण के पुलिस एफआईआर करने में नानुकुर करती रही। थाने पहुंचे पीड़िता के चाचा को पीट भी दिया। बाद में एफआईआर दर्ज हुई तो अपहरण के मामले में भी अज्ञात आरोपी बताया गया। जबकि किशोरी के परिवार वाले आरोपियों का नाम पुलिस को बताते रहे। बालिका के



इंदौर हाई कोर्ट

पिता ने हाई कोर्ट की शरण ली। मजदूर पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर शनिवार को छुट्टी के बाद भी सुनवाई की गई। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने मामले की न केवल अवकाश के दिन सुनवाई की, बल्कि पुलिस को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने आदेश जारी किया कि पुलिस बालिका के साथ तमाम आरोपियों को भी कोर्ट में 6 अप्रैल को पेश करे। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की नाबालिग का दबंगों द्वारा अपहरण करने की ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
केकेआर पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### 25 किलो चांदी और नकदी से भरे बैग लूटे



**सिवनी।** जिला मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर बरघाट नगर के बस स्टैंड इलाके में शनिवार रात एक सराफा व्यापारी के बैग में रखे 25 किलो चांदी व नकदी लेकर बदमाश फरार हो गए। व्यापारी बैग को कार में रखकर दुकान का ताला बंद कर रहे थे, तभी चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

### 25 लाख फिरौती नहीं दी तो मेडिकल स्टोर पर फायरिंग



**मुरैना।** जिले में बाइक सवार तीन बदमाशों ने रविवार दोपहर एक मेडिकल स्टोर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बदमाशों ने पहले 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे न देने पर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। यह मामला अंबाह थाना क्षेत्र के पोरसा चौराहे का है।

### घर में जिंदा जली महिला बेटे पर हत्या का शक



**दमोह।** यहां 60 साल की महिला हल्ली बाई की संदिग्ध हालात में जलकर मौत हो गई। महिला के हाथ और मुंह क्लच वायर से बंधे मिले। घर में बेटे के अलावा कोई नहीं था, ऐसे में उस पर हत्या का शक गहराया है। पुलिस ने मलबे से महिला का शव निकाला। मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र का है।

अगले चार दिन जारी रहेगा आंधी-बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का दौर

# मुख्यमंत्री का कलेक्टरों को निर्देश फसलों के नुकसान का सर्वे कराएं

पिछले दिनों ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों तथा राजगढ़, रायसेन, बैतूल जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में पिछले पांच दिन से आंधी-बारिश और ओले का दौर जारी है। इससे प्रदेश के कई जिलों में खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला कलेक्टरों को नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में हुई हानि के लिए तत्काल सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी। दरअसल, पिछले दिनों ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों तथा राजगढ़, रायसेन, बैतूल आदि जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीएम ने कहा किसानों को तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी सहायता और राहत



भोपाल स्थित बोट क्लब, शाम 7 बजे का मनमोहक दृश्य

**आज** ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

### प्रदेशभर में गर्मी से कुछ राहत

*भोपाल सहित अधिकांश जिलों में पिछले दिनों से बदले मौसम से तापमान में कमी दर्ज हो रही है। रविवार को भोपाल में दिन का पारा 1.8 डिग्री गिरकर 33.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम है। रात में भी 2.1 डिग्री की कमी के साथ पारा 19.7 डिग्री रहा।*

*यह नॉर्मल से दशमलव 9 डिग्री कम है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में पारा गिरने से दिन में धूल खिली, लेकिन तेज गर्मी से काफी राहत रही। प्रदेश में औसत दिन का पारा 33 डिग्री रात का 19 डिग्री तक रहने से अभी तीखी गर्मी परेशान नहीं कर रही है। यह क्रम अगले तीन दिन और रहेगा। इसके बाद गर्मी में बढ़त शुरू हो जाएगी।*

मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

# कोतमा में मौत की गहरी खुदाई होटल बना कब्र, तीन की मौत

लॉज मालिक भूमि स्वामी पर केस दर्ज





मलबे में तब्दील हुआ चार मंजिला होटल, रेस्क्यू में जुटी टीमें

▶▶ अपर मुख्य सचिव और डीआईजी भोपाल ने जाना घायलों का हाल चाल

▶▶ 21 घंटे लगातार मंत्री, कलेक्टर एसपी करते रहे रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर/कोतमा

कोतमा नगर में शनिवार शाम लगभग 6 बजे अग्रवाल लॉज के समीप निर्माण कार्य के दौरान 15 फीट गहरी नींव की खुदाई के चलते तीन मंजिला भवन अचानक ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, तीन लोग घायल हैं। मलबे में दबे दो शव शनिवार रात में ही निकाल लिए गए थे, जबकि तीसरे मृतक का शव रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे बाहर निकाला जा सका। पुलिस और प्रशासन की टीम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मृतकों के परिजनों को 9 लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए विशेष आर्थिक सहायता के निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को कुल 9 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसमें 4 लाख मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, 4 लाख संबल योजना और 1 लाख रेडक्रॉस से सहायता दी जाएगी। वहीं घायलों को कुल 2.5 लाख रुपए इसमें 2 लाख मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान और 50 हजार रेडक्रॉस से मदद दिया जाएगा।




काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में स्थापित वैदिक घड़ी को देखते लोग

अब बाबा विश्वनाथ के धाम में भी गूंजेगी भारतीय कालगणना

# सीएम की पहल पर काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित हुई विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

यह एक पूर्ण दिवस को 30 मुहूर्तों में विभाजित करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल के केंद्र उज्जैन से निकली भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी जीवंत हो उठी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की प्रथम 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बाबा काशी विश्वनाथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

फिल्मी अंदाज में दिया घटना को अंजाम

### बिहार में 25 करोड़ की लूट ले भागे '17 किलो' सोना

एजेंसी ▶▶ पटना



■ 7 बदमाश खाकी पैंट व सफेद शर्ट में थे

यहां अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी बनकर बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी के स्टाफ से करीब 17 किलो सोना लूट लिया, जिसकी कीमत लगभग 25 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया का स्टाफ अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन से दानापुर पहुंचा था। उन्हें बाकरगंज स्थित केवीएस एंड सन्स जाना ▶▶ शेष पेज 6 पर

आष्टा-कन्नौद रोड पर हादसा

### टूरिस्ट बस और ट्रक भिड़े 30 से ज्यादा यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



■ चालक को झपकी आ गई थी

आष्टा-कन्नौद मार्ग पर स्थित सियाघाट के पास रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। भूसे से भरे मिनी ट्रक और टूरिस्ट बस के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बस में सवार 30 से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर होकर पलट गया, वहीं बस का फ्रंट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टूरिस्ट बस में मेरठ से आए श्रद्धालु ▶▶ शेष पेज 6 पर

9 महीने में पांचवीं घटना

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 4 माह के शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



■ प्राथमिक जांच में संघर्ष के संकेत मिले

जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में एक बार फिर बाघ की मौत का मामला सामने आया है। मटकुली रेंज के नयाखेड़ा क्षेत्र में 4 माह के शावक का शव मिलने से वन्यजीवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते 9 महीनों में यह बाघों की मौत का पांचवां मामला है। शनिवार देर शाम नयाखेड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 460 में तैनात फॉरेस्ट गार्ड को दो बाघों की तेज दहाड़ सुनाई दी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त की। रात के समय मौके पर एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक 'सैंपल कोच' तैयार किया

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जुड़ेंगे

# अब भारतीय रेलवे ला रहा है नए सुपर कोच, ट्रेन में मिलेगी प्लेन जैसी फीलिंग

सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक बनाने की दिशा में काम तेज कर दिया गया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि रेलवे नए और आधुनिक डिजाइन के कोच तैयार कर रहा है। इन कोच में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे सफर का अनुभव बेहतर हो सके। इसके अलावा ट्रेनों में लगे शौचालय को भी अपग्रेड करने की योजना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक सैंपल कोच तैयार किया है। इस सैंपल कोच के ▶▶ शेष पेज 6 पर





### अमृत भारत एक्सप्रेस में होगा पहला प्रयोग

रेलवे के मुताबिक अमृत भारत एक्सप्रेस के कोचों को खास डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है। कोच के इंटीरियर को पूरी तरह नया रूप दिया गया है। फर्श पर पीवीसी फ्लोरिंग लगाई गई है, जबकि सीट और बर्थ पर नई रैक्सीन का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फोल्डेबल स्नैक टेबल, खिड़कियों के परदे और अत्याधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इन सभी बदलावों ▶▶ शेष पेज 6 पर

www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें !
BACHPAN



- निवेश 15+ लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह
- पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
- प्राइमरी/10-12 स्कूल अपग्रेड संभव
- रॉयल्टी फ्री मॉडल

1300+ Schools | 3 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States

फ्रैंचाइजी मध्य प्रदेश + छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-

RAIPUR Gurvinder 8860619151
BILASPUR Varsha 8448726042
INDORE Shama 7042112281
BHOPAL Anjali 8448726038
JABALPUR Nargis 84487 26028
ALL CITIES Amit Kumar 9811437000

For Admissions call us at 7290047000 ; QR School Locator
Web : www.bachpanglobal.com ; Mail : franchise@bachpanglobal.com
Phone : 011-35106666/011-35107777 ; CIN : U74899DL1999PTC101251
Regd. Office :- S.K Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, Delhi-110005

# फिजां में राहत घुली, सैलानियों ने पिकनिक स्पॉट्स पर दो से तीन घंटे डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी में पांच से छह दिनों से बदले मौसम का असर रविवार को फिजां में राहत घुलने के रूप में सामने आया। शहर में सुबह और शाम को गर्मी का असर लगभग गायब रहा, जबकि रात में भी मौसम सुहाना बना रहा। इससे सैलानियों ने दोपहर बाद से ही शहर की नहीं, आसपास के पिकनिक स्पॉट्स पर दो से तीन घंटे के लिए डेरा जमाना शुरू कर दिया। देर रात 10 बजे तक शहर के अंदर जहां बोट क्लब, शाहपुरा लेक, मनुआभान की टेकरी, वनविहार में सैलानियों की शाम तक भीड़ रही। चिड़ियाटोल और कंकाली मंदिर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे देर शाम तक लोग गाड़ियों के बाहर निकल कर टहलते हुए नजर आए। रविवार को शहर का दिन का पारा लगातार तीसरे दिन गिरने से सामान्य से 4 डिग्री तक कम दर्ज हुआ, जबकि रात का पारा भी सामान्य से एक डिग्री कम रहने से राहत रही। दिन का पारा 33.4 और रात का 20 डिग्री के करीब रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

**दिन में बादलों के आने जाने के बीच धूप की तेजी में आई कमी, रात में बादल छंटने के साथ हवाएं बदली तो गिरा पारा**

**बोट क्लब, वनविहार, मनुआभान की टेकरी, चिड़ियाटोल, कंकाली मंदिर के रास्ते पर सड़क किनारे तक टहलते दिखे लोग**


बोट क्लब पर सैलानियों की भीड़।

### 7 से 8 अप्रैल के बीच बौछारों का अनुमान

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ और सकुर्लेशन के असर से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश, आंधी का असर है। भोपाल में बादल और आसपास बूंदावांदी हो रही है। नए डब्ल्यूडी के असर से 7 से 8 अप्रैल के बीच भोपाल में मौसम में बदलाव के बीच तेज हवाओं के साथ बौछारों की उम्मीद है। इससे अभी तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।



**तीन दिन बाद गर्मी बढ़ेगी**

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 9 अप्रैल तक भोपाल में मौसम ऐसा रहने के बाद 10 अप्रैल से बादलों में कमी आएगी। आंधी-बारिश कम होने से दिन के तापमान में बढ़त शुरू होगी। इससे 12 अप्रैल के बाद गर्मी फिर तेजी पकड़ लेगी।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी की सड़कों की मरम्मत की डेडलाइन अप्रैल तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की सड़कों और भवनों के रखरखाव को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। विभाग के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों और भवनों के मरम्मत व मजबूतीकरण के कार्य 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। निर्देश में साफ कहा गया है कि बारिश शुरू होने के बाद मरम्मत कार्यों में बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। इसलिए समय सीमा तय करते हुए इंजीनियरों को अभी से काम में तेजी लाने के लिए कहा गया है। इन कार्यों की मॉनिटरिंग अब सॉफ्टवेयर के जरिए की जाएगी। हर सोमवार को कार्यों की समीक्षा भी होगी, जिससे प्रगति पर लगातार नजर रखी जा सके। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले को भी समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देने को कहा गया है।

**बजट स्वीकृति के साथ ही तय होगी टाइमलाइन-** अब तक विभाग में बजट स्वीकृत होने के बाद डीपीआर तैयार करने, टेंडर जारी करने और काम शुरू करने में करीब दो महीने लग जाते थे। इससे कई बार बारिश आने से पहले काम पूरा नहीं हो पाता था। इसे देखते हुए अब बजट स्वीकृति के साथ ही कार्यों की समय सीमा तय कर दी गई है।

**विधायकों की सिफारिशों का दबाव-** विभाग के पास प्रदेशभर के सांसदों और विधायकों की ओर से नई सड़कों के निर्माण और पुरानी सड़कों की मरम्मत के लिए बड़ी संख्या में प्रस्ताव लंबित हैं।

### आरजीपीवी: गेस्ट फैकल्टी के लिए मंगाए आवेदन

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) शिवपुरी में गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती सिविल इंजीनियरिंग और एप्लाइड साइंस (मैथमेटिक्स) विभाग के लिए की जाएगी। चयन प्रक्रिया मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के नियमों के अनुसार की जाएगी। बुलाए आवेदन में दी गई पात्रता के अनुसार अभ्यर्थियों को 6 अप्रैल 2026 को सुबह 10:30 बजे संस्थान में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**गायत्री शक्ति पीठ में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम**

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रावीण्य सूची में 33 छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षक एवं परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों ने सहभागिता की। इस वर्ष लगभग 6 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 33 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में चयनित हुए। इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रत्येक जिले से एक-एक शिक्षक एवं प्राचार्य को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विगत 32 वर्षों से आयोजित यह परीक्षा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


गायत्री शक्तिपीठ।

### नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम है यह परीक्षा

कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के राम यश तिवारी ने परीक्षा को विद्यार्थियों के नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बताया। वहीं सुधीर श्रीपाद ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध हो रही है, यहां तक कि इसके प्रश्नपत्रों से प्रेरणा लेकर कई विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के व्यवस्थापक राजेश पटेल, के एल पटेल, पूनम चंद वर्मा सहित अनेक परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### 21 बहनों का पुंसवन संस्कार

इसी क्रम में "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" अभियान के अंतर्गत 21 बहनों का पुंसवन संस्कार प्रातः 10:30 बजे सम्पन्न कराया गया, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।कार्यक्रम के अंत में जिला समिति की गोष्ठी आयोजित कर आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा पूरे आयोजन का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

### 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विमर्श



संध्याकालीन समय में तीसरा कार्यक्रम भोपाल जिला समन्वय समिति की गोष्ठी में 3 तहसील 11 चेतना केंद्र के साथ मध्य प्रदेश के जोनल समन्वयक राजेश पटेल एवं रमेश नागर जिला समन्वयक की उपस्थिति में शताब्दी वर्ष की आगामी 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विस्तार से विचार विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प, शहर में हुए कई आयोजन**

## ईसाई समुदाय ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व, गिरजाघरों में हुई प्रार्थना सभा

**भोपाल।** ईस्टर संडे यानी पास्का रविवार सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई समाज के लोग ईस्टर मनाते हैं। इस मौके पर गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाने के साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही पुर्नरूत्थान के गीत गाए गए।


ईस्टर पर प्रार्थना सभा।

### एक अंत के बाद हमेशा नई शुरूआत होती है आर्च बिशप: अयोध्या

होली फैमिली चर्च चर्च में आयोजित कार्यक्रम में आर्चबिशप डॉ ए. ए. एस दुरईराज शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन की तमाम चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच, ईस्टर हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि एक अंत के बाद हमेशा एक नई शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर हमें अपने हृदयों में दया, करुणा और समझ जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने और इन गुणों को अपने आस-पास के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा ईस्टर का पर्व अपने साथ आशा, नवीनीकरण और अपार खुशी का संदेश लेकर आता है।

# 'सबका साथ-सबका विकास' से सिकल सेल का उन्मूलन संभव



राज्यपाल ने की कार्यक्रम में शिरकत।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन प्रयासों को जन-आंदोलन बनाना होगा। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाकर ही इस अनुवांशिक बीमारी से समाज को मुक्त किया जा सकता है। यह बात रविवार को बदनावर के सिविल अस्पताल के नवीन भवन के लोकार्पण और मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल उपचार के विषय मे भ्रामक जानकारियों से भ्रमित नहीं हो। सिकल सेल उपचार के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांति नही पालें। केवल पंजीकृत चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार ही दवाइयों का नियमित सेवन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को निरंतर उपचार और सही जानकारी के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं। जनजातीय क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए सिकल सेल मित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो इस मिशन में सेतु का कार्य करेंगे। राज्यपाल ने बदनावर प्रवास के दौरान संकल्प से समाधान अभियान के समापन कार्यक्रम में शासन कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। स्थल पर शा स की य विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक नीना विक्रम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढ़ा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना शेखर यादव, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और शहीद नरेंद्रसिंह राठौर के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान**

**मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. गुप्ता**

# मरीजों का दृढ़-विश्वास और मनोबल बढ़ाने के लिए सही जानकारी देना अत्यंत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एंड हॉस्पिटल एसोसिएशन (एमपीएनएचए) के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. संजय गुप्ता का चयन किया गया है। वे पूर्व अध्यक्ष डॉ. रणधीर सिंह की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। इस अवसर पर रविवार शाम एसोसिएशन की एनुअल मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई। डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान वे अपने कार्यकाल का रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ और मरीजों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहेगा। उनका मानना है कि जब मरीज और अस्पताल के बीच भरोसा मजबूत होगा, तो इलाज के परिणाम भी बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों का विश्वास बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। इससे मरीज डॉक्टर की सलाह को गंभीरता से लेंगे और इलाज से जुड़े निदेर्शों का पालन बेहतर तरीके से करेंगे। इसका सीधा असर रोग की रोकथाम और उपचार की सफलता पर पड़ेगा। डॉ. गुप्ता के अनुसार कई बार संवाद की कमी के कारण अस्पतालों को लेकर नकारात्मक धारणा बनती है।


डॉ. संजय गुप्ता।

### निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली में सुधार पर हुई चर्चा

बैठक में एसोसिएशन की आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। इसमें अस्पतालों की कार्यप्रणाली में सुधार, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने जैसे मुद्दों पर फोकस रहा। नई टीम के गठन के साथ ही एमपीएनएचए से उम्मीद की जा रही है कि वह प्रदेश में निजी अस्पतालों की सेवाओं को और मजबूत बनाएगी और मरीजों के हित में ठोस पहल करेगी।

# गांवों में पानी की बर्बादी पर सख्ती: 500 रुपए तक जुर्माना, जल समितियां संभालेंगी सारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पेयजल प्रबंधन को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है, जिसके तहत गांवों में जल समितियों का गठन किया जाएगा और पानी की बर्बादी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

नई व्यवस्था के अनुसार, पानी का अपव्यय करने पर पहली बार 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। दोबारा उल्लंघन करने पर यह राशि बढ़ाकर 500 रुपये तक की जा सकेगी। लगातार लापरवाही की स्थिति में उपभोक्ता का जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं, तीन माह तक जलकर नहीं देने पर भी कनेक्शन समाप्त किया जा सकता है। गांवों में पेयजल आपूर्ति, वितरण नेटवर्क, मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी अब जल समितियों को सौंपी जाएगी। ये समितियां जल स्रोतों के संरक्षण, पाइपलाइन और टंकियों की देखरेख, लीकेज सुधार और आपात स्थिति में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम करेंगी। साथ ही, गांव स्तर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी इन्हीं के पास होगी।



### मासिक जल कर की व्यवस्था

ग्रामीण परिवारों से हर माह जल कर लिया जाएगा। जनजातीय क्षेत्रों में यह लगभग 60 रुपये और अन्य क्षेत्रों में 120 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं। औद्योगिक इकाइयों के लिए उपयोग के आधार पर शुल्क लिया जाएगा।

### डिजिटल मॉनिटरिंग से बढ़ेगी पारदर्शिता

जल आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए 'पंचायत दर्पण' पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इस प्लेटफॉर्म के जरिए जल वितरण, बिलिंग और कलेक्शन की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होगा।

### पूरे प्रदेश में लागू होंगे नियम

सरकार जल्द ही इन नियमों को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू करेगी। इसके तहत ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालन, संधारण, विस्तार और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से पानी की बर्बादी पर नियंत्रण होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रणाली अधिक प्रभावी और टिकाऊ बन सकेगी।

**वन सुरक्षा श्रमिकों की बैठक में हुआ निर्णय**

# वन सुरक्षा श्रमिक करेंगे 21 अप्रैल को वन मुख्यालय का घेराव




हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के नेतृत्व में रविवार को इंद्रा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में भोपाल और सीहोर जिले के वन सुरक्षा श्रमिको की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच सूत्रीय न्यायोचित मांगों के समर्थन में 21 अप्रैल को वन मुख्यालय वन भवन का घेराव कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। अशोक पांडे ने बताया कि वन विभाग के वन सुरक्षा श्रमिकों के अधिकारों का नौकरशाही हनन करने के साथ श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। वन सुरक्षा श्रमिकों ने 16 मार्च को मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंप कर मांगों का निराकरण करने की मांग की थी। मुख्य वन संरक्षक ने सात दिवस में मांगों का निराकरण करने का आश्वासन दिया था। लेकिन 20 दिन निकल जाने के बाद भी पांच सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सात दिन में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 21 अप्रैल को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के कार्यालय वन मुख्यालय वन भवन का घेराव किया जाएगा।

**अब कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों को परेशान होने की नहीं होगी जरूरत**

# उधना-जयनगर के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन: इटारसी सहित कई स्टेशनों पर ठहराव, गाड़ी में 22 जनरल कोच लगाए, यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

गर्मियों की छुट्टियों में ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भोपाल मंडल से होकर उधना और जयनगर के बीच एक स्पेशल अनारक्षित (जनरल) ट्रेन चलाने का फैसला किया। यह ट्रेन पूरी तरह से जनरल डिब्बों वाली होगी, जिसमें कुल 22 कोच लगाए गए हैं। इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि इसमें सभी डिब्बे जनरल श्रेणी के हैं। यानी यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी और वे सीधे स्टेशन से टिकट लेकर सफर कर सकेंगे। गर्मी के मौसम में यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए रेलवे इसे विशेष किराये के साथ चला रहा है।



### उधना से जयनगर का टाइम-टेबल

गाड़ी संख्या 09061 उधना-जयनगर स्पेशल ट्रेन 5 और 12 अप्रैल को पटरी पर दौड़ेगी। यह ट्रेन हर रविवार को उधना से रात 1:30 बजे रवाना होगी। सफर के दौरान यह दोपहर 12:50 बजे इटारसी, शाम 4:40 बजे जबलपुर, शाम 6:15 बजे कटनी और रात 7:55 बजे सतना पहुंचेगी। अगले दिन यानी सोमवार दोपहर 2:30 बजे यह ट्रेन जयनगर पहुंच जाएगी।

### जयनगर से उधना की वापसी

वापसी में गाड़ी संख्या 09062 जयनगर-उधना स्पेशल ट्रेन 6 और 13 अप्रैल को चलाई जाएगी। यह हर सोमवार को जयनगर से शाम 5:30 बजे रवाना होगी। अगले दिन यानी मंगलवार को यह सुबह 11:40 बजे सतना, दोपहर 1:15 बजे कटनी, दोपहर 3:15 बजे जबलपुर और शाम 7:00 बजे इटारसी पहुंचेगी। बुधवार सुबह 6:15 बजे यह ट्रेन उधना पहुंच जाएगी।

### इन शहरों के यात्रियों को मिलेगा फायदा

यह ट्रेन रास्ते में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय), बक्सर, आरा, पटना और दरभंगा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### निशातपुरा कोच फैक्ट्री में 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर बनाया नया रिकॉर्ड

**भोपाल।** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा भोपाल में पिछले साल रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कोच फैक्टरी में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 1336 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की।

**संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है**

#### मुख्य रूप से यह काम हुए

- कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।
- ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है ताकि यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके।
- व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

# नादरा बस स्टैंड पर अंडरग्राउंड स्टेशन का काम शुरू, टनल के लिए जल्द होगी खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के नादरा बस स्टैंड पर भोपाल मेट्रो के ओरेंज लाइन के दूसरे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा टनल के लिए भी भारी-भरकम मशीनरी इंस्टाल करने का काम भी लगभग पूरा कर लिया है। सुरक्षा के लिए रोड तरफ एरिया को कवर्ड किया गया और कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत के बोर्ड लगा दिए गए हैं। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि दोनों अंडरग्राउंड स्टेशनों का काम तेजी से चल रहा है। निर्धारित समय में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए 24 घंटे अलग-अलग चरणों में निर्माण कार्य हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास और नादरा बस स्टैंड पर यह दोनों स्टेशन ओरंज लाइन कॉरिडोर पर 3.39 किमी लंबे अंडरग्राउंड रूट का हिस्सा होंगे।

## भोपाल मेट्रो: सुरक्षा के लिए परिसर को किया कवर्ड, सुरक्षा नियमों का पालन करने के बोर्ड लगाए

1. टनल के लिए भारी-भरकम मशीनरी इंस्टाल करने का काम लगभग पूरा
2. अंडरग्राउंड स्टेशनों के लिए 24 घंटे अलग-अलग चरणों में कार्य हो रहा



नादरा बस स्टैंड के पास टनल के लिए मशीनें इंस्टाल की गई।

### अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए खुदाई का काम तेजी से किया जा रहा

भोपाल रेलवे स्टेशन के पास अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए खुदाई का काम तेजी से किया जा रहा है। यहां से टनल बनाने के लिए भी टीबीएम मशीन को जमीन के भीतर पहले ही उतारा जा चुका है। जबकि नादरा बस स्टैंड पर भी अब यह काम तेजी से करने मशीनें इंस्टाल की गई हैं। यहां भी बीते कई दिनों से भूमिगत खुदाई का काम किया जा रहा है।

### रायसेन रोड पर रात में चल रहा निर्माण कार्य

भेल क्षेत्र में जेके तिराहे से रत्नागिरी तक मेट्रो के पिलर बनाने का काम रात में भी चल रहा है। जेके रोड से पिपलानी पेट्रोल पंप तक पिलर लगभग बनकर तैयार हो गए हैं, जबकि पिपलानी पेट्रोल पंप चौराहे से रत्नागिरी तक पिलर बनाने के लिए मशीनें पहुंच चुकी हैं और सेंट्रल वर्ज के दोनों तरफ बेरिकेडस लगा दिए गए हैं।

## एनएचएआई की लापरवाही, निगम ने थाने में दिया शिकायती आवेदन

# रोड खोदने के दौरान दो बार मेन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन तोड़ी, करोंद से कोकता तक पानी सप्लाई बंद

मिनाल रेसीडेंसी, सागर लैंडमार्क सहित पीपुल्स मॉल, बीएमएचआरसी के बल्क कनेक्शन क्षतिग्रस्त

नगर निगम के जल कार्य विभाग ने तीन टीमों को अयोध्या नगर की लाइनों की जांच के लिए लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अयोध्या बायपास को 10 लेन करने के दौरान आए दिन फूट रही पाइप लाइनों को लेकर निगम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते माह मेन लाइन फूटने के बाद शनिवार और रविवार को मेन लाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनें रोड की खुदाई के दौरान टूट गईं। इसके चलते करोंद से कोकता तक जल प्रदाय बंद हो गया। रविवार को सुबह जल कार्य विभाग के अमले ने मरम्मत का काम शुरू किया, लेकिन कम दबाव से पानी घरों में पहुंचने की शिकायतें मिलीं। एनएचएआई द्वारा निर्माणाधीन रोड के काम के दौरान आए दिन पाइप लाइनों को तोड़ने की घटनाओं को लेकर निगम की ओर से थाना अयोध्या नगर में शिकायती आवेदन भी दिया गया है।

अयोध्या बायपास रोड पर एनएचएआई द्वारा तीन ब्रिज और रोड चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इसके लिए रोड खोदने के काम के दौरान पीपुल्स माल और अयोध्या नगर में शनिवार को मेन लाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनें जेसीबी की चपेट में आ गई। इसके करोंद से कोकता तक जल प्रदाय बंद हो गया। जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह से बहाल भी नहीं हुई थी कि रविवार को भी लाइनें जेसीबी से तोड़ दी गईं। इस लापरवाही के चलते निगम के अधिकारियों ने मामले की शिकायत अयोध्या नगर थाने में दर्ज करवाई और एनएचएआई के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी कि बार-बार लापरवाही के चलते निगम की पाइप लाइनें टूट रही हैं। इससे जल प्रदाय बाधित हो रहा हैं। इस पर अधिकारियों ने दोबारा लाइनें नहीं टूटने का भरोसा दिलाया।

## करोंद से कोकता ट्रांसपोर्ट तक तीन दिन से पानी सप्लाई में हो रही है दिक्कत



पीपुल्स मॉल के पास पाइपलाइन टूटने से जमा पानी।

करोंद बीएमएमआरसी से लेकर कोकता ट्रांसपोर्ट तक बीते तीन दिनों से वाटर सप्लाई डिस्टर्ब हो रही है। एनएचएआई के अधिकारी नगर निगम से समन्वय नहीं बना रहे और खुदाई के दौरान मेन लाइन सहित बल्क कनेक्शनों को तोड़ रहे हैं। बार-बार परेशान होकर निगम ने अयोध्या नगर थाने में एनएचएआई के खिलाफ आवेदन दिया है। निगम अब एनएचएआई के हेड क्वाटर में भी शिकायत करेगा।

### इन क्षेत्रों में टूटीं पाइप लाइनें

पीपुल्स मॉल के पास और अयोध्या नगर में पाइप लाइनें टूटीं। इसके पहले भी अयोध्या नगर में लाइन टूट गई थी। जिसे नगर निगम ने टीम भेजकर लाइन को दुरूस्त करवा दिया था। जबकि अगले ही दिन दामखेड़ा के पास से गुजर रही लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। निगम के जल कार्य के अधिकारियों ने तुरंत एनएचएआई के अधिकारियों से संपर्क किया।

### इन इलाकों में हुई दिक्कत

शनिवार और रविवार को मेन लाइन और डिस्ट्रब्यूशन लाइन टूटने से मिनाल रेसीडेंसी, सागर लैंडमार्क सहित पीपुल्स मॉल, बीएमएचआरसी के बल्क कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि करोंद से लेकर कोकता तक जल प्रदाय बाधित हुआ।

## मौके पर टीमों ने पहुंचकर लाइनें सुधारीं, जल प्रदाय बहाल

नगर निगम के जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि एनएचएआई द्वारा रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइनें तोड़ दी गई थीं। दो दिन में दो बार लाइनें क्षतिग्रस्त हुईं। इससे जल प्रदाय बाधित हुआ। मौके पर टीमें भेजकर मरम्मत का काम करवाया गया है। कम दबाव से पानी मिलने की शिकायतें जरूर हैं, लेकिन जल्द ही यह समस्या दूर हो जाएगी। इस तरह से आए दिन लाइनें क्षतिग्रस्त होने को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को अवगत कराएंगे।



टूटी पाइपलाइन को सुधारने में जुटा अमला।

## कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के पीछे कॉलोनी की घटना

# सनसिटी फेस-वन मल्टी की पार्किंग में सेज के दो स्टूडेंट्स को गोली मारी

*शराब पार्टी कर रहे युवकों को सीनियर छात्र ने रोका, नीचे खड़े बेकसूर छात्रों पर कर दिए फायर*

*एक छात्र को सीने के ऊपर तो दूसरे को पेट में लगी गोली, पिल्लर के पीछे छिपकर बचाई जान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के पीछे सनसिटी फेस-वन कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चार पांच युवकों ने बीटेक के दो छात्रों को गोली मार दी। छात्रों को गोली सीने के ऊपर कंधे के पास और पेट में लगी है। दोनों का एम्स में इलाज चल रहा है। गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद एम्स पहुंची और तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार बसु राकेश कुमार गुप्ता (21) निवासी राजघाट कॉलोनी दतिया का रहने वाला और अंशुतेज अशोक पाटिल (22) निवासी निवृत्ति नगर जलगांव महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। दोनों सनसिटी फेस-वन में रहते हैं। बसु बीबीए सेकंड ईयर और अंशुतेज बीटेक थर्ड ईयर का छात्र है। उनके साथ रहने वाले हेमंत कन्हैयालाल शर्मा निवासी मथुरा कॉलोनी मथुरा ने बताया कि थर्ड फ्लोर पर अनिकेत शर्मा फ्लैट में किराए से रहता है। अनिकेत और हर्मन के फ्लैट पर पार्टी चल रही थी। पार्टी में ओम तिवारी, सुधांशु सिंह, अभिषेक गुप्ता, सहित आठ से दस लोग थे। उनके साथ एक युवती भी थी। फ्लैट में देर रात तक गदर हो रही थी। फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाले एक सीनियर शोर सुनकर थर्ड फ्लोर पहुंचे। फ्लैट से एक युवती निकली उन्होंने पूछा क्या हो रहा है। इस पर युवती ने अंदर बैठे युवकों को बताया कि इस पर सुधांशु और आ गए। उन्होंने सीनियर को धमकाना शुरू कर दिया।



अंशुतेज के पेट में लगी गोली



बसु गप्ता, पीड़ित

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम

सीनियर थर्ड फ्लोर से पार्किंग में पहुंचे। पार्किंग में पहले से ही हेमंत शर्मा, वासु गुप्ता, अंशुतेज और मनीशु दुबे खड़े होकर बात कर रहे थे। सीनियर ने उन्हें बताया कि थर्ड फ्लोर पर बहुत गदर हो रही है और वह निकल गए। इसी बीच सुधांशु सिंह, अनिकेत शर्मा, हर्मन अभिषेक गुप्ता सीढ़ियों से नीचे आए और कहने लगे कि कौन था और क्या कह रहा था। इतना कहते ही सुधांशु ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। फायर होने से गोली वासु गुप्ता को सीने के ऊपर कंधे में लगी। फायर का धमाका सुनकर अंशुतेज, हेमंत, मनीशु सभी लोग पिल्लर के पीछे छिप गए। आरोपी धमकाते हुए बाइक लेकर वहां से फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद पता चला कि फायर होने से एक गोली वासु गुप्ता और दूसरी गोली अंशुतेज पाटिल को पेट में लगी है। आरोपी ने लगातार तीन फायर किए थे। दो फायर वासु और अशुंतेज पर, जबकि तीसरा फायर हवाई था।

### एम्स में चल रहा घायलों का इलाज

घायल वासु गुप्ता और अंशुतेज पाटिल को उसके साथी बाइक से एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां दोनों का रात में ही इलाज शुरू हो गया। ऑपरेशन होने के बाद अंशुतेज के पेट में धंसी गोली निकाल ली गई है। पुलिस ने घायलों के साथी हेमंत शर्मा की शिकायत पर सुधांशु सिंह, अनिकेत शर्मा, ओम तिवारी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। प्रकरण में अभिषेक गुप्ता और हर्मन को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस की जांच में और भी लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। पुलिस की टीम सुधांशु सिंह की तलाश कर रही है।

### रायसेन रोड के निजी कॉलेज में पढ़ता है सुधांशु

पुलिस ने बताया कि सभी छात्र एक दूसरे से परिचित है और रात में पार्टी कर रहे थे। केवल सुधांशु जो है वह रायसेन रोड स्थित निजी कॉलेज में पढ़ता है। सुधांशु अपने दोस्त अनिकेत शर्मा और हर्मन के कमरे पर पार्टी करने आया था। रात करीब पौने 12 बजे विवाद हो गया। विवाद के बाद सुधांशु सिंह ने वासु गुप्ता और अंशुतेज पाटिल पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली वासु गुप्ता को सीने से ऊपर लगी। नहीं तो उसकी जान जा सकती थी। गोली पास चलने के कारण आरपार हो गई है।

महिलाएं बोलीं- सुरक्षा और अपराध को लेकर यह ठीक नहीं, हटवाई जाए दुकान

# ऋषिपुरम में शराब की दुकान के विरोध में सड़क पर उतरे रहवासी... किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर लगातार लोगों का विरोध बढ रहा है। रविवार को शाम करीब सात बजे अवधपुरी के पास ऋषिपुरम के 80 फीट रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास संचालित शराब दुकान के खिलाफ बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## रहवासियों ने कहा- शराब दुकान खुलने के बाद आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं



शराब दुकान का विरोध करते रहवासी।

रहवासियों का कहना है कि शराब दुकान खुलने के बाद इलाके का माहौल खराब हो गया है और आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। स्थानीय निवासी रमन तिवारी ने बताया कि यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण बन गया है। लोगों ने आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती रहती हैं और आए दिन झगड़े भी हो रहे हैं। इससे आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने प्रशासन से शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर सोहन सिंह राजपूत, सारिका दिवाकर, अरुण सिंह, दिलीप कुमार दिवाकर और कमलेश सोलंकी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

50 फीट दूर पाइप से बुझाई गई आग जनहानि नहीं

# इतवारा में खंडहर मकान में लगी आग से दहशत तंग गलियों में दमकलों को पहुंचने में हुई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के इतवारा क्षेत्र में रविवार को दोपहर एक खंडहर मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। अचानक धुआं निकलते देख आसपास के लोगों के दहशत फैल गई। कच्चे आवास में लकड़ी में ढेर में आग पकड़ने से तेजी से फैलने लगी। आसपास रहने वाले मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। तंग गलियों के कारण दमकल को पहुंचने में दिक्क्त हुई। आग को बुझाने के लिए दमकल को दूर रोककर 50 फीट दूर से पाइप ले जाकर काबू पाया गया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आवास में रखा सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया।



खंडहर में लगी से उठता धुआं।

## अज्ञात व्यक्ति ने कचरे में फेंकी जली हुई बीड़ी

जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंडहर आवास में कचरे में बीड़ी फेंक दी, जिससे धीरे-धीरे कचरे ने आग पकड़ ली और धुआं निकलना शुरू हो गया। कच्चे मकान में लकड़ी का उपयोग किया था। इसलिए मकान पूरी तरह से जल गया। दमकल से पाइप दूर लेकर पड़ोस के घर की छत पर पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने में 20 मिनट लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मकान घनी आबादी वाले क्षेत्र में है और यहां तंग गलियां हैं। गनीमत रही कि समय रहते लोगों ने देख लिया। इससे आग का फैलाव नहीं हो सका। नगर निगम में फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर दमकलें भेजी गईं और आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

## पुणे-गोरखपुर को आरकेएमपी से बीना तक पहुंचने में लग गए पांच घंटे

# स्पेशल ट्रेनें घंटों देरी से चल रहीं, गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 8 घंटे की देरी ये भोपाल पहुंची, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को भोपाल स्टेशन पर कई प्रमुख ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर स्पेशल ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। अधिक किराया देने के बावजूद समय पर ट्रेन न पहुंचने से यात्रियों में गुस्सा था। रविवार को मंडल के भोपाल, आरकेएमपी व बीना स्टेशन से होकर जाने वाली कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

सबसे ज्यादा देरी स्पेशल ट्रेनों में देखने को मिली। यात्री लंबे समय तक प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते रहे। गर्मी और भीड़ के बीच परिवारों, बुजुर्गों और बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### *स्पेशल ट्रेनों में पैसेंजर ट्रेन जैसा एहसास*

*पुणे एक्सप्रेस को भोपाल से बीना तक पहुंचने में ही करीब पांच घंटे से का समय लग गया, जिससे यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग ट्रेनों पर भी असर पड़ा। यह ट्रेन भोपाल से बीना तक लगभग हर स्टेशन पर खड़ी होते हुए आई। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे रविन्द्र यादव ने बताया कि उन्हें स्पेशल ट्रेन में यात्रा करना किसी पैसेंजर ट्रेन से यात्रा करने का अनुभव हुआ।*



### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 01080 गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 8:44 घंटे
- 01415 पुणे - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 1:38 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 2:29 घंटे लेट आई
- 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस - 3 घंटा 33 मिनट
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.30 मिनट लेट आई

### ट्रैफिक दबाव है अधिक

ट्रेनों को क्लीयर लाइन नहीं मिलने के कारण देरी हुई है। मार्ग पर ट्रैफिक दबाव अधिक होने से संचालन प्रभावित हुआ है।

नवल अग्रवाल
पीआरओ, भोपाल

# बड़ा तालाब कैचमेंट एरिया में आज चल सकता है बुलडोजर, भदभदा में भी होगी कार्रवाई

## सूरज नगर से खानूगांव तक अवैध निर्माणों पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में सोमवार को नगर निगम और जिला प्रशासन बड़ी कार्रवाई शुरू कर सकता है।

सीमांकन कार्य के दौरान अब तक करीब 308 अतिक्रमण चिन्हित किए जा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि बड़े अतिक्रमण टीटी नगर नजूल के सेवनिया गोंड और गोरागांव इलाके में सामने आए हैं। सूरज नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर लोगों ने तालाब के एफटीएल (फुल टैंक लेवल) से महज एक फीट दूरी पर ही बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी है। यहां एक आलीशान कोठी भी कैचमेंट एरिया के भीतर बनाई गई है। इसी तरह भदभदा क्षेत्र में दुकानों को हटाने को लेकर कार्रवाई नगर निगम का अमला सोमवार को करेगा। सेंट्रल पार्क कॉलोनी का गार्डन, जागिंग पाथ और अन्य निर्माण भी जांच के दायरे में हैं।


**Photocopier**
ct2-moder-64
**SALE**
8 tons megatherm steel making furnace for sale with transformer in best working condition in Chennai
**Shri Balaji Steel Industries**
**CHENNAI, Tamilnadu**
**9840039742**

**खबर संक्षेप**

### भाजपा स्थापना दिवस पर होगा मिठाई वितरण

**औबेदुल्लागंज।** विधायक कार्यालय औबेदुल्लागंज मंडल कार्यालय बिजलीघर के सामने, गौहरगंज रोड पर भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा ध्वज फहराया जाएगा एवं मिष्ठान वितरण होगा। औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने कहा कि भाजपा औबेदुल्लागंज मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, भाजपा के जनप्रतिनिधि स्थापना दिवस पर अपने-अपने बूथ या निवास पर झंडा फहराएं। महामंत्री माधव यादव, कोमल चौहान, बागिश अग्रवाल, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, गजेंद्र नागर आदि ने स्थापना दिवस पर लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### इमरत सिंह से संपर्क साधना हुआ मुश्किल

**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र में इन दिनों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जानकारी



के अनुसार किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर और वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश जैन सरपंच मोहन संतोष सेन लगातार उनसे संपर्क साधने में जुटे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, किसी आवश्यक संगठनात्मक चर्चा और कार्यक्रम को लेकर इमरत सिंह दरबार से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस घटनाक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इमरत सिंह दरबार कहां हैं या उनसे संपर्क क्यों नहीं हो पा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार संपर्क साधने की कोशिश में लगे हुए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |
| तारा: | | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |

# विजय मेवाड़ा को न्याय और हत्याकांड के दोषियों को फांसी दिलाने को लेकर निकाला कैंडल मार्च



विजय मेवाड़ा हत्याकांड के दोषियों को फांसी दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन में विजय मेवाड़ा हत्याकांड के दोषियों के लिए फांसी की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों, परिजनों समेत क्षेत्र के लोगों ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। नेहरू स्कूल चौराहे से शुरू हुआ यह कैंडल मार्च प्रभात चौराहे होते हुए वापस नेहरू स्कूल पर समाप्त हुआ। कैंडल मार्च में सैकड़ों लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च में मंत्री विश्वास सारंग, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा। कैंडल मार्च में विजय मेवाड़ा के परिजनों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बता दें कि पुलिस तीनों आरोपियों को पकड़ चुकी है। मुख्य आरोपी आसिफ बम का शॉर्ट एनकाउंटर किया है।




### मायके जाने को लेकर पति से हुआ विवाद, नवविवाहिता ने की आत्महत्या

# चार महीने के मासूम को आंगन में छोड़कर मां ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरसिया थाना क्षेत्र के स्थित गांव आजमपुर में 22 साल की नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसने अपने चार महीने के मासूम बेटे को घर के बाहर आंगन में छोड़ दिया था। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि दंपती में विवाद हुआ था। विवाद के बाद नवविवाहिता ने यह कदम उठाया है। दरअसल, वह मायके जाना चाहती थी, लेकिन पति ने उसे मायके जाने से मना कर दिया था। नवविवाहिता के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पुलिस के अनुसार भारती अहिरवार मूलतः सीहोर जिले की थी। उसकी शादी करीब तीन साल पहले आजमपुर निवासी देवेंद्र अहिरवार से हुई थी। पुलिस पूछताछ में पति देवेंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात भारती मायके जाने की जिद कर रही थी, जिसे लेकर दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई थी। शनिवार सुबह जब देवेंद्र किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था, तब भारती ने अपने चार माह के बेटे को घर के बाहर आंगन में अकेला छोड़ दिया और फिर घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया। भारती ने टीन शेड के पाइप से रस्सी का फंदा बनाया और उस पर झूल गई।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब देवेंद्र वापस लौटा, तो बच्चा बाहर खेल रहा था और दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खटखटाने पर जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो देवेंद्र ने खिड़की से अंदर झांककर देखा। अंदर भारती का शव फंदे पर लटका हुआ था। शोर मचाने पर पड़ोस के लोग आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम कर परिजन को सौप दिया है।

### रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित सेंट जोसफ कैंपस में रविवार दोपहर युवक पर बदमाश ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वार रोकने पर उनके हाथ में गंभीर चोट आ गई। युवक अपने परिवार के साथ चर्च में प्रार्थना करके लौट रहा था। इस दौरान नकाबपोश बदमाश ने कैंपस पार्किंग में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घायल युवक का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते थॉमस नामक व्यक्ति ने यह हमला कराया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है, उसकी गिरफ्तारी के बाद ही हमले का कारण सामने आ सकेगा।

#### हाथ में गंभीर चोट आई

पुलिस के अनुसार, राजेश आस्टीन (49), तलैया इलाके में रहते है। वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते है। रविवार को वह परिवार के साथ गेंहूखेड़ा स्थित सेंट जोसफ कैंपस के चर्च में प्रार्थना में शामिल होने गए थे। वहां से करीब दोपहर एक बजे जब वह कैंपस में पार्किंग की तरफ कार निकालने के लिए पहुंचे तो एक नकाबपोश बदमाश ने उनकी गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। राजेश ने वार रोकने के लिए हाथ आगे कर दिया। जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद बदमाश धमकी देकर फरार हो गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उनका इलाज जारी है। राजेश ने पुलिस को बताया कि उनकी थॉमस से लेनदेन को लेकर पुरानी रंजिश है, पूर्व में विवाद भी हो चुका है। राजेश को संदेह है कि थॉमस ने ही हमला करवाया है।




### पॉलीथिन मुक्त अभियान स्वच्छता के लिए नगर पालिका ने की पहल

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज में नगर पालिका परिषद ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। नगर के मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों को जागरूक किया गया और प्लास्टिक उपयोग न करने की अपील की गई। अभियान के दौरान देखा गया कि कई स्थानों पर गंदगी फैली हुई है। लोग पॉलीथिन का उपयोग कर उसे इधर-उधर फेंक देते हैं। यही प्लास्टिक कचरा गाय-बैल खा लेते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। नगर पालिका ने आमजन से अपील की है कि वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि नगर और आसपास के गांव साफ-सुथरे और सुंदर दिखाई दें। इस दौरान संतोष गुप्ता, नीलेश वैष्णव, पंकज शर्मा, प्रिंस अरोरा और अंकित मित्तल सहित लोगों ने भाग लेकर अभियान को मजबूती प्रदान की। परिषद ने आग्रह किया है कि मुहिम को जन-आंदोलन बनाएं।

# एमपीईबी का एई बताकर रिटायर्ड जीएम से 8 लाख 66 हजार रुपए की ठगी

**ऑनलाइन बिजली का बिल जमा करने का कहकर रिटायर्ड जीएम को लगाया चूना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी कंपनी के रिटायर्ड जनरल मैनेजर (जीएम) से अज्ञात साइबर जालसाज ने 8 लाख 66 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने खुद को एमपीईबी का असिस्टेंट इंजीनियर (एई) बताकर कॉल किया था। उसने बिजली बिल जमा न होने और बिजली कनेक्शन काटे जाने का कहा। इसके बाद बैंक संबंधी जानकारी जुटाकर दो बार में 8 लाख 66 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। शाहपुरा पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रोहित नगर शाहपुरा निवासी नंदकिशोर दुबे (78) निजी कंपनी से जीएम के पद से रिटायर्ड हुए हैं। विगत 31 मार्च को उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का असिस्टेंट इंजीनियर बताते हुए कहा कि आपका बिजली का बिल काफी समय से जमा नहीं हुआ है। बिजली बिल जमा नहीं होने की स्थिति में कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस पर नंदकिशोर ने कहा कि उनका बिजली का बिल ऑटो-पे से जमा होता है। साइबर जालसाज ने उन्हें झांसा दिया कि इसका मतलब है कि आपका बिल पुराने ऑटो-पे नंबर पर जमा हो रहा है, लेकिन अब इसका अपडेट कराकर नए नंबर पर जमा करना होगा। ऑटो-पे नंबर अपडेट करने के बहाने आरोपी ने फरियादी से उनके बैंक खाता संबंधी जरूरी जानकारी लेने के साथ ही फोन-पे के यूपीआई नंबर की जानकारी हासिल कर ली और दो बार में फरियादी के खाते से क्रमशः 90 हजार और सात लाख 76 हजार 657 रुपए ट्रांसफर करा लिए। साइबर सेल ने जांच के बाद अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर डायरी शाहपुरा पुलिस को भेजी है।

### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाएं

# औबेदुल्लागंज में ट्रैफिक जाम की समस्या भारी वाहनों से बढ़ रहा हादसों का खतरा


भारी वाहनों से औबेदुल्लागंज में लगा ट्रैफिक जाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिसके कारण सड़कों पर जाम लगना आम बात हो गई है। संकरी सड़कों और अव्यवस्थित पार्किंग के चलते हालात और भी खराब हो जाते हैं।

#### पुलिस से मांग की, यातायात को सुचारु एवं सुगम बनाएं

जाम के कारण न केवल लोगों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि: भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग (बायपास) निर्धारित किया जाए, बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण और पुलिस की नियमित तैनाती हो, सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्ती की जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में बड़े हादसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। शांति समिति की बैठक में यह मुद्दा हर समय उठता है और एसडीओपी और टीआई आश्वासन देते हैं, मगर कई माह बीत जाने के बाद भी ट्रैफिक पुलिस दिखती ही नहीं है।

# सीएम के नेतृत्व में मप्र सरकार ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव करेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसान चिंता न करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव सहायता करेगी। भाजपा संगठन और सरकार किसानों के साथ है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि नुकसान का सर्वेक्षण कराकर क्षति का त्वरित आंकलन करें।

> ▶▶ भाजपा सरकार ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। किसान चिंता न करें, भाजपा संगठन और सरकार उनके साथ खड़े है।
>
> **- हेमंत खंडेलवाल**

#### किसानों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार संकल्पित

खंडेलवाल ने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकट की इस घड़ी में किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। कई जिलों में किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सरकार का संकल्प है किसान परेशान न हो।

### पंचवटी में सांई जी के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी

# युवाओं को राह दिखलाने हरे माधव का विशाल सत्संग होगा छह को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के सानिध्य में हरे माधव सत्संग कार्यक्रम 10 अप्रैल को शाम 6 बजे शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम दशहरा मैदान संत हिरदाराम नगर में रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में भोपाल सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी मेला समिति के अलावा मोहल्ला पंचायतों, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों व गणमान्य नागरिकों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी की अध्यक्षता में हुई।

हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, भोपाल शाखा के संतोष केसवानी ने बताया कि जीवन मुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब 9 अप्रैल को भोपाल पधारेंगे। शाम को पंचवटी में सांई जी के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 10 अप्रैल को शाम 6 बजे संत हिरदाराम नगर दशहरा मैदान में हरे माधव सत्संग कार्यक्रम होगा। इस मुख्य रुप से उपस्थित सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी ने कहा कि वर्तमान समय में सिंधी समाज के युवा राह से भटक चुके हैं, वह सत्संग कार्यक्रम में शामिल होकर जीवन सफल बनाए।

पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि सिंधी भाषा व संस्कृति को बचाने में संतों का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर सिंधी मेला समिति के मनीष दरयानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, वासदेव वाधवानी, कन्हैया इसरानी, बसंत चेलानी, हरीश रामचंदानी, कैलाश आसवानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, चन्द्र कुमार उधवानी, घनश्याम लालवानी सहित सभी ने अपने विचार रखते हुए सत्संग कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पहुंचने की अपील भोपाल सिंधी समाज से की है। कार्यक्रम का संचालन राकेश शेवानी, आभार नंद कुमार दादलानी ने प्रकट किया।

### एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 50 जंगली भैंसे भी आएंगे

# वन विहार में तैयार हुआ नया बाड़ा, असम से जल्द लाया जाएगा गैंडे का एक जोड़ा और तीन कोबरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। भोपाल स्थित वन विहार नेशनल पार्क में असम से जल्द ही एक गैंडे का एक जोड़ा और 3 कोबरा लाए जाएंगे। इस दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पार्क प्रबंधन द्वारा विशेष रूप से कुछ नए बाड़े तैयार किए गए है। साथ ही एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 50 जंगली भैंसे भी लाए जा सकेंगे। इससे भोपाल वन विहार में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार, असम से एक गैंडे का एक जोड़ा और 3 कोबरा लगाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके लिए वन विभाग ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। अधिकारियों के मुताबिक इन जानवरों को लाने से वन विहार की जैव विविधता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और पार्क में आने वाले पर्यटकों को एक और वन्य प्राणी को देखने का अवसर मिलेगा।




#### मप्र जंगली भैंसों का भी बनेगा घर

मप्र वाइल्डलाइफ को चार चांद लगने वाले हैं, बाघों के मामले में पहले से ही नंबर वन मध्य प्रदेश अब जल्द ही जंगली भैंसों का भी घर बनने जा रहा है। दोनों प्रदेश के अधिकारी स्तर सहमति बनी गई है। इससे असम से 50 जंगली भैंसे 3 समूहों में 3 साल में, गैंडे का एक जोड़ा और 3 कोबरा लाए जाएंगे। इन्हें भोपाल के वन विहार में रखा जाएगा। मध्यप्रदेश इसके बदले में असम की मांग के अनुसार एक जोड़ा टाइगर और 6 मगरमच्छ देगा।

#### पर्याप्त स्थान, हरियाली, जल स्रोत के साथ सुरक्षा के उपाय

वन विहार प्रबंधन द्वारा तैयार किया गया यह नया बाड़े में गैंडे के जोड़े के आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें पर्याप्त स्थान, हरियाली, जल स्रोत और सुरक्षा के सभी उपाय शामिल हैं। वन विभाग के अनुसार, असम से लाने से पहले उनके स्वास्थ्य परीक्षण और परिवहन की अनुमति संबंधित राज्यों और केंद्र से प्राप्त की जा रही है।

#### यह वन्य प्राणी हैं मौजूद

वन विहार में पहले से ही बाघ, तेंदुआ, भालू, मगरमच्छ, हिरण, सांभर और विभिन्न पक्षियों की प्रजातियां मौजूद हैं। बायसन के जुड़ने से यह सूची और समृद्ध होगी। यह कदम न केवल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता और पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक साबित होगा।

**विजय कुमार**
डायरेक्टर, वन विहार

### भाजपा नेता सर्वेश गौर का जन्मदिन मनाया



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज में भाजपा नेता एवं किसान नेता सर्वेश गौर का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने एकत्र होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया तथा सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, रमेश गौर, दीपू परमार, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, संजय सिंह चौहान, नवल किशोर मालवीय, जीवनलाल साहू आदि ने सर्वेश को जन्मदिन की बधाई दी।

# निहाल बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

प्रेस क्लब में सर्वसम्मति से भारत निहाल को अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक ऋषभ जैन और पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा की उपस्थिति में प्रेस क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र मालवीय ने माला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष भारत निहाल को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमिता वागीश अग्रवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, बाला सैनी, प्रदीप सेंगर, प्रेस क्लब के सुनील सेरिया, दीपक नागर, देवेंद्र चौहान, अमित साहू, राजेश सैनी, संजय झरिया, हरजीत सिंह मंगू, राजकुमार लोधी, बजरंग तंवर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निहाल ने अध्यक्ष पद ग्रहण करते ही शीघ्र पत्रकार सम्मेलन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्या के लिए सभी पत्रकार मिलकर नगर की समस्या का समाधान के लिए कार्य करेंगे।

### गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने चला जांच अभियान

**भोपाल।** शहर में रविवार को गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग रोकने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष जांच अभियान चलाया। जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने जहांगीराबाद, बुधवारा, मंगलवारा, इतवारा समेत कई इलाकों में दबिश दी। जांच के दौरान कहीं भी अवैध गैस रिफिलिंग की पुष्टि नहीं हो सकी। जहांगीराबाद में संबंधित दुकान बंद मिली, जबकि अन्य स्थानों पर भी या तो दुकानें बंद थीं या वहां कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। टीम ने संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भेल, कोलार, अयोध्या बायपास, अवधपुरी, मिसरोद, कोटरा सुल्तानाबाद, नेहरू नगर, रोशनपुरा, न्यू मार्केट, जवाहर चौक और अन्य क्षेत्रों में भी निरीक्षण किया, लेकिन कहीं अवैध रिफिलिंग नहीं मिली। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी।

## भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियां...



स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।




प्रदेश भाजपा कार्यालय में लगे एक होर्डिंग में पीएम, राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ सीएम के चित्र आकर्षित कर रहे हैं।



प्रदेश भाजपा कार्यालय के गलियारे में पार्टी के झंडे और जगमगाती रोशनी आकर्षित कर रही है।

3 जिलों में होगा कार्यारंभ, प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# प्रदेश कार्यालय में सीएम, प्रदेशाध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण 14 जिलों के कार्यालयों का जोर-शोर से होगा भूमि-पूजन

**भाजपा का स्थापना दिवस आज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को की गई थी। ऐसे में भाजपा पार्टी के गठन को 46 साल का वक्त पूरा होने जा रहा है। जिसको लेकर भाजपा संगठन काफी अधिक उत्साहित नजर आ रही है और मप्र भाजपा द्वारा राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में इसको लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। पार्टी कार्यालयों तथा कार्यकर्ताओं के निवास पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा और कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में सुबह 11:15 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

इसके बाद प्रदेश के 14 जिलों में पार्टी के जिला कार्यालयों का भूमिपूजन एवं 3 जिलों में कार्यारंभ समारोह में वर्चुअली सहभागिता कर संबोधित करेंगे। स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जायेगा। पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर होने वाले स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश कार्यालय में होने वाले भूमिपूजन एवं कार्यरंभ समारोह का लाइव प्रसारण होगा।

### प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य सम्मेलन भी होंगे

भाजपा के स्थापना दिवस पर 5, 6 एवं 7 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश के सभी मंडल, जिला कार्यालयों पर विद्युत साज-सज्जा, पुष्पमाला सजावट, दीपमालिका और रंगोली का आयोजन होगा। 6 अप्रैल को प्रदेश के बूथों पर पार्टी का झंडा फहराकर मिष्ठान वितरण किया जाएगा, इसके बाद पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर उदबोधन होगा। साथ ही प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित होंगे। इसी दिन प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का झंडा फहराएंगे। 8 व 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें 1 वक्ता प्रदेश से और 2 वक्ता जिले से होंगे।

### एक विधानसभा में 50 बड़े गांवों में होंगे कार्यक्रम

इस अभियान के अंतर्गत एक विधानसभा में 50 बड़े गांवों में कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क और उनका सम्मान, केन्द्र सरकार एवं एनडीए शासित प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी।


**7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान**

7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, सभी पार्षद और पार्टी के सभी कार्यकर्ता अभियान में भाग लेंगे।

---

पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ नेता शर्मा बोले

## विश्वास ने भाजपा को बहुमत दिया, 14 वर्षों से देश का शासन संभाल रही है



रघुनंदन शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता

भारतीय जनता पाटी के पूर्व देश की राजनीती में जनसंघ राष्ट्रवाद भारतीय संस्कृति और हमारे जीवन मूल्यों को लेकर अपना एक अलग स्थान बना चुकी थी। 1947 में देश की आजादी के बाद अपनी-अपनी विचारधारा के आधार पर राजनैतिक दल अपनी लोकतांत्रिक शक्ति को बढ़ाने में लगे हुए थे। चूंकि कांग्रेस के नेतृत्व में अंग्रेजों से राजनैतिक लड़ाई लड़ी गई थी। इसलिए उस समय तक कांग्रेस में भिन्न-भिन्न राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विचारधारा के लोग एक जुट होकर स्वतंत्रता प्राप्ती के आंदोलन में लगे हुए थे। किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अलग-अलग विचारधाराओं के राजनैतिक दलों एक जुट रहना असंभव लग रहा था और इसलिए सभी विचारधाराओं के लोगों ने अपने-अपने संगठन-दल बना लिए और लोकतांत्रिक ढंग से चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का निश्चिय किया। 1971 के बाद पाकिस्तान के दो टुकड़े करते हुए बांग्लादेश को अलग देश बनाने के मिशन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शक्ति राजनैतिक दृष्टि से प्रथम स्थान पर थी। जनता इंदिरा गांधी के पीछे एक मत से खड़ी थी। 1971 के युद्व में मिली विजय से अहंकार और राजनैतिक सत्ता की प्रबल शक्ति प्राप्त हो जाने से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था कम होकर तानाशाही प्रवृत्ति जागृत हो गई थी।

संघर्ष की जमीन से सत्ता के शिखर तक

## कार्यकर्ताओं की ताकत एवं परिश्रम से बनी देश की सबसे बड़ी पार्टी



ओम मेहता
वरिष्ठ भाजपा नेता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी के वरिष्ठ भाजपा नेता ओम मेहता ने पार्टी के शुरुआती दौर से लेकर आज तक की यात्रा को संघर्ष, समर्पण और संगठन की ताकत का परिणाम बताया। उन्होंने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा का दो सीटों से शुरू होकर आज केंद्र सहित कई राज्यों में सत्ता तक पहुंचना कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का परिणाम है। ओम मेहता ने अपने लंबे राजनीतिक और संगठनात्मक जीवन को याद करते हुए बताया कि उनका जुड़ाव बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रहा है। उनके पिता उदवदास मेहता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और वर्ष 1940 में भोपाल में आरएसएस के पहले सर संचालक बने थे। ऐसे संस्कारों में पले-बढ़े मेहता छात्र जीवन से ही संघ की गतिविधियों में सक्रिय हो गए थे और बाद में भाजपा के संगठनात्मक कार्यों में पूरी तरह समर्पित हो गए।

उनका पूरा जीवन संघर्षों के बीच गुजरा। चौक बाजार क्षेत्र में रहने वाले उनके परिवार की कई पीढ़ियां संघ से जुड़ी रहीं और संगठन के लिए काम करती रहीं। राजनीतिक आंदोलनों के दौरान कई बार जेल भी जाना पड़ा। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के साथ मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों

भाजपा के सिद्धांत, संकल्प की 46 साल की यात्रा

## भाजपा की सबसे बड़ी विशेषताः नीति और सिद्धांत पर आज भी कायम रहना



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

आज भारतीय जनता पार्टी को छियालीस वर्ष पूरे हो गए हैं। 6 अप्रैल को 1980 को एक राजनैतिक दल के रूप में भाजपा ने अपनी यात्रा आरंभ की थी। लेकिन यह तिथि उसके आरंभ नहीं, यात्रा का एक पड़ाव है। भाजपा का पूर्व भारतीय जनसंघ था। जिसकी स्थापना 21 अक्टूबर 1951 में हुई थी। आपातकाल के बाद 1977 में विभिन्न राजनीतिक दलों ने जनता पार्टी का गठन किया। जनसंघ ने भी अपना विलय जनता पार्टी में कर लिया लेकिन अप्रैल 1980 में जनता पार्टी ने एक प्रस्ताव पारित करके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने सदस्यों की सहभागिता पर प्रतिबंध लगा दिया। यहां मतभेद हुए और जनसंघ से संबंधित सभी सदस्यों ने स्वयं को अलग करके भाजपा के रूप में अपनी नई यात्रा आरंभ की। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसने जिस नीति और सिद्धांत की घोषणा के साथ जनसंघ के रूप में यात्रा आरंभ की थी। भाजपा आज भी उसपर कायम है। भाजपा ने अपने वे मुख्य सिद्धात यथावत रखे जो जनसंघ की यात्रा आरंभ करते समय घोषित किए थे। इसमें सबसे मुख्य बिंदु कश्मीर की धारा 370 थी। इस धारा के विरुद्ध जनसंघ ने एक बड़ा आंदोलन किया था जिसमें जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हुआ था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अवसर मिलते ही धारा 370 समाप्त की।

विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली पार्टी

## सृजनात्मक ऊर्जा और कार्यकर्ता भाव भारतीय जनता पार्टी की मूल ताकत



सुरेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' - आज से 46 साल पहले भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस अधिवेशन को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने यह कहा था। कमल खिला और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश में ही नहीं विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित होकर कमल की खुशबू को महका रही है। आज संगठन अपना 46वां जन्मदिन मना रहा है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन आज के ही दिन 1980 में हुआ था। आज यह संगठन अपना 46वां जन्मदिन मना रहा है। वैसे तो भारतीय जनसंघ आरएसएस की राजनीतिक धारा के रूप में 1951 में भारतीय संस्कृति और विचार के आधार पर शासन व्यवस्था संचालित करने के लिए गठित किया गया था लेकिन उसका 1977 के समग्र क्रान्ति के लिए जनता पार्टी विलय हो गया था। आज भाजपा की शक्ति की आमतौर पर चर्चा होती है। क्योंकि यह विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली राजनीतिक पार्टी है। उसकी पृष्ठभूमि में भी संघ संसार का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन ही है। भाजपा की अपनी स्पष्ट नीति, विचार और कार्य पद्धति है। अखंड भारत, भारतीय संस्कृति का संरक्षण और एक राष्ट्र एक संस्कृति, हिन्दी का विस्तार और समान नागरिक संहिता भाजपा का लक्ष्य कार्य हैं।

---

पहले छोटे किसानों, फिर मध्यम व बड़े किसानों से गेहूं खरीदी

## हर समय किसानों के साथ मौजूद है प्रदेश सरकार तय वक्त पर प्रारंभ होगी गेहूं खरीदी : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में तय वक्त 10 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने वाले सभी किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। उपार्जन प्रक्रिया में पहले छोटे किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। इसके बाद मध्यम एवं बड़े किसानों से खरीदी की जाएगी।

स्लॉट बुकिंग वाले सभी किसानों का गेहूं चरणबद्ध रूप से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बारदाने की कोई कमी नहीं है। सरकार सभी व्यवस्थाएं कर रही हैं। डॉ यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में गेहूं उपार्जन कार्य के संबंध में सरकार द्वारा गठित मंत्री समूह के सदस्यगणों एवं कृषक प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार से बारदाने की समस्या नहीं आने दी जाएगी। केन्द्र सरकार, जूट कमिश्नर सहित अन्य बारदान प्रदायकर्ता एजेंसियों से बारदान आपूर्ति के लिए राज्य सरकार लगातार सम्पर्क बनाए हुए है।



बैठक में मौजूद सीएम।

### उपार्जन से पहले करा लें तौल केन्द्रों का निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपार्जन व्यवस्था पर नियमित रूप से निगरानी के लिए एक राज्य स्तरीय एवं कृषि उपज मंडियों में भी कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत प्रदेश के सभी तौल केंद्रों का 10 अप्रैल से पहले गहन निरीक्षण करा लिया जाए, ताकि किसानों में किसी भी तरह का संशय न रहे। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों के वर्तमान ढांचे में क्रमबद्ध सुधार किया जाए।

### किसानों को मिलें सभी बुनियादी सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में आने वाले किसानों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, पीने का पानी, बैठक, छाया, प्रसाधन एवं पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए। किसी को भी किसी भी प्रकार की प्रक्रियागत या व्यवस्थागत असुविधा का सामना न करना पड़े। किसी भी केन्द्र में किसानों और ट्रेक्टर-ट्राली की लंबी-लंबी कतारें न लगें, सभी किसानों का सहजता से गेहूं तुल जाए, ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं। जिन किसानों से गेहूं खरीदा जाए, कम से कम समय में उनके खातों में भुगतान कर देने की व्यवस्थाएं भी की जाएं।

### 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगी गेहूं खरीदी

बैठक में अपर मुख्य सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल से एवं अन्य सभी संभागों में 15 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन प्रारंभ होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

## पूर्व विस अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व यज्ञदत्त शर्मा की जयंती पर विधानसभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, स्व. शर्मा के परिजन, विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्व श्री शर्मा ने जनकल्याण के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।



यज्ञदत्त शर्मा, मध्यप्रदेश विधानसभा के सम्मानित पूर्व अध्यक्ष थे। उन्होंने सदन की गरिमा और लोकतंत्र की मर्यादा को हमेशा बनाए रखा। श्री शर्मा ने अपने लम्बे राजनीतिक जीवन में सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया।

9 लाख से अधिक पदाधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

## पंचायत प्रोत्साहन योजना में 14 जिलों ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और पंचायतों का प्रोत्साहन देने की योजना में अच्छा प्रदर्शन किया है। सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को विकासात्मक कार्यों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन सहित पुरस्कार दिए जा रहे हैं। भोपाल, नरसिंहपुर, सागर, छतरपुर, सीधी, पूर्वी निमाड़, हरदा, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, नीमच, गुना, ग्वालियर और झाबुआ पंयायतों ने प्रोत्साहन योजना में अच्छा प्रदर्शन किया है। केंद्रीय वित्त आयोग के अनुदानों का उपयोग करते हुए कुल 16,773 परियोजना कार्य पूरे किए गए हैं। वहीं देश में पीआरआई के प्रतिनिधियों और उनके पदाधिकारियों को मिलाकर 9 लाख पदाधारियों को आईआईएम, आईआईटी, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद जैसे संस्थानों के सहयोग से विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मध्यप्रदेश में 23,011 ग्राम पंचायतों में से 22,978 ग्राम पंचायतों (99.85 प्रतिशत) ने अपने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) को ई ग्राम स्वराज पर अपलोड किया है और 21,950 ग्राम पंचायतों (95.5 प्रतिशत) ने ई ग्राम स्वराज-पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से विक्रेताओं को 2156.10 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं।

कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला, जांच की मांग उठाई

## 35 करोड़ का गेहूं सड़ने से 150 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रायसेन जिले के वेयरहाउस में हजारों टन गेहूं सड़ने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संगठित भ्रष्टाचार करार दिया है। पटवारी ने आरोप लगाया कि दिवटिया और नूरगंज वेयरहाउस में वर्ष 2017-18 से 2019-20 के बीच समर्थन मूल्य पर खरीदा गया करीब 20 हजार टन गेहूं वर्षों तक पड़ा रहा। इसके चलते अनाज पूरी तरह सड़कर अनुपयोगी हो गया। इस गेहूं की मूल लागत करीब 35-36 करोड़ रुपए थी, जो भंडारण, किराया, जैसे खर्चों के कारण बढ़कर करीब 150 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।



**कांग्रेस की प्रमुख मांगें**

- उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हो
- 150 करोड़ रुपए की भरपाई दोषियों से वसूली जाए
- भंडारण और वितरण प्रणाली की समीक्षा कर सुधार लागू हों
- पारदर्शी और जवाबदेह तंत्र विकसित किया जाए।

### गरीबों के हक की खुली लूट

पटवारी ने कहा कि जो अनाज गरीबों तक पहुंचना था, वह गोदामों में सड़ गया। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकारों की लूट बताते हुए कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि जनकल्याण योजनाओं की विफलता का भी उदाहरण है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण यह गेहूं अब जहरीला हो चुका है, जिससे जनस्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।

## पेज एक का शेष....

### ग्वालियर हाईकोर्ट का...

पत्नी को अनुज ने अवैध रूप से अपने पास रखा है। कोर्ट द्वारा पूछे जाने पर युवती ने स्पष्ट कहा कि वह किसी अवैध बंधन में नहीं है और न ही अपने पति या माता-पिता के साथ रहना चाहती है। उसके पति के बीच करीब 21 वर्ष का अंतर है, जिसके चलते वैवाहिक जीवन में तालमेल नहीं बैठ पाया। कोर्ट के निर्देश पर शासकीय अधिवक्ता द्वारा युवती की काउंसलिंग कराई गई, लेकिन इसके बाद भी उसने अपने प्रेमी अनुज के साथ रहने की इच्छा दोहराई। परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि याचिका का उद्देश्य समाप्त हो चुका है। इसके साथ ही युवती को प्रेमी के साथ जाने की अनुमति दे दी गई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद युवती को वन स्टॉप सेंटर, कंपू ग्वालियर से मुक्त करने के आदेश भी दिए गए।

### नाबालिग के अपहरण....

शिकायत मजदूर पिता ने की है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की, लेकिन पहले दबंगों का नाम गायब किया। महीनेभर में भी बालिका को तलाशने की कोई कोशिश नहीं की। पीड़िता के पिता के अनुसार पवन सिंह उसे उठाकर ले गया है। बालिका की उम्र 17 साल 3 माह है और वह पवन सिंह के कब्जे में है। 6 अप्रैल को बालिका को कोर्ट के समक्ष पेश करने के आदेश होने की बात सामने आते ही बडगोंदा पुलिस तुरंत पीड़िता के घर पहुंच गई।

### मुख्यमंत्री का कलेक्टरों ...

सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मैहर में भी कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बारिश का यलो अलर्ट है।

### कोतमा में मौत....

लगातार 21 घंटे से अधिक समय से राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही। रेस्क्यू कार्य में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें बनारस और भिलाई से बुलाई गई । बनारस से 41 और भिलाई से 36 सदस्यीय टीम डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची। इसके अलावा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), एसईसीएल और अडाणी कंपनी की रेस्क्यू टीमें भी मलबा हटाने में सहयोग कर रही हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि रेस्क्यू कार्य पूर्ण होने के बाद घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस ने होटल मालिक लाल अग्रवाल और निर्माण कार्य करा रहे भूमि स्वामी राजीव गर्ग के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 और 106 के तहत केस दर्ज किया है। घटना की सूचना मिलते ही कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल रातभर मौके पर मौजूद रहे। वहीं प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार भी देर रात पहुंचकर रेस्क्यू कार्य की निगरानी करते रहे। कमिश्नर सुरभि गुप्ता, आईजी चैत्रा एन, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी लगातार घटनास्थल पर डटे रहे।

### बिहार में 25 ....

था। दानापुर जंक्शन से उन्होंने ऑटो लिया, लेकिन कुछ दूरी पर ओवरब्रिज के पास एक वाहन और दो बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। करीब सात बदमाश, जो खाकी पैंट और सफेद शर्ट में थे, खुद को कस्टम अधिकारी बताकर जांच के नाम पर 3 बैग अपने कब्जे में ले लिए। घटना के बाद पीड़ितों ने अपने मालिक को सूचना दी और फिर थाने जाने की बात कही गई। महेश मामतोरा के अनुसार अपराधियों ने उन्हें सुनसान जगह पर छोड़ दिया और फरार हो गए। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### टूरिस्ट बस और...

सवार थे, जो ओंकारेश्वर में दर्शन कर सीहोर के कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे। सीहोर में रुकने के बाद उन्हें मेरठ लौटना था। सुबह चालक को झपकी लग गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ। जब हादसा हुआ, अधिकांश यात्री उस समय सो रहे थे। गंभीर रूप से घायल दोनों चालकों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ...

शावक मृत अवस्था में मिला, जिसके बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल की निगरानी की गई। रविवार सुबह अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया, जहां बाघों के आपसी संघर्ष के स्पष्ट संकेत मिले। घटनास्थल के आसपास नर और मादा बाघ के पदचिह्न भी पाए गए, जिससे शावक की मौत किसी अन्य बाघ के हमले में होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम सहायक संचालक, तहसीलदार पिपरिया तथा एनटीसीए के प्रतिनिधि की उपस्थिति में निर्धारित एसओपी के अनुसार समस्त आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई। वन विभाग ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया। शव परीक्षण के बाद शावक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शावक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं और मौत किसी मांसाहारी वन्यजीव के हमले से हुई प्रतीत होती है। पदचिह्नों के आधार पर यह मामला बाघों के आपसी संघर्ष का माना जा रहा है।

### सीएम की पहल...

को अर्पित यह घड़ी भेंट की थी। यह मध्यप्रदेश सरकार के उस संकल्प की ओर एक बड़ा कदम है, जिसके तहत देश के सभी ज्योतिर्लिंग और अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भी वैदिक घड़ी की स्थापना की जानी है। उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विकसित यह घड़ी केवल समय बताने वाला यंत्र नहीं, बल्कि भारत के प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान का डिजिटल पुनर्जागरण है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित होती है और एक पूर्ण दिवस को 30 मुहूर्तों में विभाजित करती है।

### अब भारतीय रेलवे...

सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे। नए डिज़ाइन के कोच में सीटों को पहले से ज्यादा आरामदायक बनाया गया है। इसके साथ ही कोच के अंदर की लाइटिंग, वेंटिलेशन और साफ सफाई पर खास ध्यान दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स भी जोड़े जा रहे हैं, ताकि आपात स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

### अमृत भारत एक्सप्रेस ....

में एक समान रंग संयोजन रखा गया है, जिससे कोच का अंदरूनी हिस्सा आकर्षक नजर आता है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मप्र ने प्राप्त किया 11वां स्थान

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का सफल समापन 3 अप्रैल को हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक जीतकर देशभर में 11वां स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स में मप्र को सबसे अधिक सफलता मिली, जहां खिलाड़ियों ने कुल 5 पदक 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य अपने नाम किए। इस श्रेणी में मार्टिना लकड़ा ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीता, जबकि गुलाब सिंह ने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। वहीं, रंगलाल डोडियार ने 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अर्जित किया, जबकि आरती डावर ने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसके अलावा शांति बाई ने 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त कर एथलेटिक्स में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन को और मजबूती दी। प्रतियोगिता में आर्चरी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग और रेसलिंग सहित कुल 7 खेल विधाओं को शामिल किया गया। इन सभी खेलों में कुल 133 खिलाड़ियों (पुरुष 81, महिला 52) ने मप्र का प्रतिनिधित्व किया।

# एलएनसीटी में 7वीं राज्यस्तरीय सीनियर एवं जूनियर रग्बी 7एस प्रतियोगिता का रोमांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र रग्बी फुटबॉल एसो. के तत्वावधान में एलएनसीटी में चल रही 7वीं राज्यस्तरीय सीनियर एवं जूनियर रग्बी 7एस प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

जूनियर बालिका वर्ग के लीग मुकाबलों में रायसेन ने बैतूल को 10-0 से, नर्मदापुरम ने शाजापुर को 5-0 से, सीहोर ने इंदौर को 5-0 से, रायसेन ने देवास को 10-0 से, शाजापुर ने विदिशा को 5-0 से, सीहोर ने देवास को 5-0 से तथा बैतूल ने विदिशा को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जूनियर बालक वर्ग में बैतूल ने देवास कॉरपोरेशन को 5-0 से, सीहोर ने रतलाम को 10-0 से, देवास ने नर्मदापुरम को 5-0 से, विदिशा ने शाजापुर को 10-0 से, देवास ने रायसेन को 5-0 से, बैतूल ने रतलाम को 10-0 से, देवास ने खरगोन को 10-0 से तथा नर्मदापुरम ने शाजापुर को 10-5 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इसके साथ ही सीनियर पुरुष वर्ग के मुकाबलों में देवास ने नर्मदापुरम को 10-0 से, खरगोन ने रायसेन को 10-0 से, भोपाल ने बैतूल को 15-0 से, देवास ने सीहोर को 20-0 से तथा रायसेन ने खरगोन को 10-0 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर संदीप जाधव ने जानकारी दी कि कल प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

### विधायक कप के तहत अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट

## लेगसी ने संजय गुप्ता अकादमी को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर के खेल मैदान पर खेले जा रहे विधायक कप अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को लेगसी क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। टॉस संजय गुप्ता अकादमी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए तय 30 ओवर में 7 विकेट पर 214 रन बनाए। इनमें भाविक ने 58, ईशान ने 39 ओर वेदांत ने 35 रन बनाए। लेगसी की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए राज ने 3 विकेट, त्रिशान्त ओर रितिका ने एक एक विकेट लिए। लेगासी की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हरा दिया। लेगसी की ओर से परिनीति ने 97 और विवान ने 47 रन बनाए। संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी की ओर से यश, अनोश, वेदांत ओर प्रथमेश ने एक एक विकेट लिए। परिनीति को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



## जबलपुर ने दिया 192 रन का लक्ष्य, जवाब में 68 रन पर भोपाल के 4 खिलाड़ी ढेर, निर्णय आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ए डब्लू कनमड़ीकर ट्रॉफी अंडर 13 बॉयज इंटर डिविजनल (दो दिवसीय) इंदौर के आरबीसीएस मैदान पर भोपाल डिविजन और जबलपुर डिविजन के बीच मैच प्रारंभ हुआ। जबलपुर डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 69 ओवर में 191 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई, जिसमें आराध्य झारिया ने 96 रन और अभिज्ञान सिंह नें 23 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में शिवांशु मिश्रा नें 4 विकेट और समर्थ पुनताम्बेकर नें 3 विकेट लिए । जवाब में भोपाल डिवीजन ने बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 28 ओवर में 4 विकेट पर 68 रन बना लिए हैं। जबलपुर डिविजन से गेंदबाजी में दिव्यांश सिन्हा और शिवम् सिंह नें 2-2 विकेट लिए। कल मैच का दूसरा दिन है।

### स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

## वेटरन ग्रुप में रेलवे मास्टर्स ने कनारा क्रिकेट क्लब विदिशा को 12 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट में वेटरन ग्रुप के तहत रविवार का मैच कनारा क्रिकेट क्लब विदिशा और रेलवे मास्टर्स के मध्य खेला गया, जिसमें रेलवे मास्टर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 129 रन बनाए। इनमें मुबारक ने 34, रविंद्र सिंह ने 28 और हेमंत शाक्य ने 19 रन का योगदान दिया। कनारा के गेंदबाज धीरेंद्र राजपूत, करन परिहार ने 3-3 विकेट लिए। बब्लेश को दो विकेट मिले। जवाब में कनारा 8 विकेट पर 117 रन ही बना सकी और यह मैच 12 रन से हार गई। इनमें कप्तान गुंजन सक्सेना और बबलेश ने 24-24, नीलेश और विनय गुप्ता ने 16-16 रन बनाए। रेलवे के शादाब खान ने 3 विकेट लिए, जबकि तबरेज़ कुरैशी ने 2 विकेट लिए। रविन्द्र को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें मप्र पैराओलंपिक संघ अध्यक्ष विवेक परिहार और रेलवे अकादमी के हेड कोच नंदजीत सिंह एवं हेमंत सूदन ने पुरुस्कृत किया।




**आम-सूचना**

(भवन क्रमांक-1, वार्ड क्रमांक-13, मेन रोड़ औबेदुल्लागंज, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन के सम्बंध में)

मेरी पक्षकारा श्रीमति तारा देवी राय पत्नि श्री नेतराम राय, निवासिनी-औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शीर्षक में वर्णित सम्पत्ति मेरी पक्षकारा के हिन्दू संयुक्त परिवार की सम्पत्ति है, जिसमें मेरी पक्षकारा अपने परिवार के साथ वर्तमान में निवासरत है। उक्त भवन को श्रीमति निर्मला देवी पत्नि स्व० श्री लखीचन्द राय एवं उसकी संतानों के द्वारा दुरभीसंधीपूर्वक उक्त सम्पत्ति को अवैधानिक विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त श्रीमति निर्मला देवी राय एवं उसके संतानों के द्वारा कार्यालय नगर परिषद् औबेदुल्लागंज, के समक्ष उक्त सम्पत्ति के नामांतरण आवेदनपत्र भी प्रस्तुत किये गये थे जिस की सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त भी किया जा चुका है। उक्त सम्पत्ति की श्रीमति निर्मला देवी राय एवं उसकी संतानें एकमात्र स्वत्व व आधिपत्यधारी नहीं है, मेरी पक्षकारा एंव परिवार के सदस्यों का भी उक्त सम्पत्ति बराबर हक व अधिकार है। उक्त सम्पत्ति बिना मेरी पक्षकारा की लिखित सहमति के हस्तांतरण करने का कोई अधिकार उक्त निर्मला देवी राय एवं उसकी संतानों को नही है। यह भी लेख है कि श्रीमति निर्मला देवी राय द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध एक व्यवहार वाद कमांक 41-ए/2024, श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, गौहरगंज, जिला रायसेन के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उक्त प्रकरण को सक्षम न्यायालय द्वारा दिनांक 19.11. 2025 को निरस्त कर दिया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था एवं संस्थान उपरोक्त शीर्षक में वर्णित सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश भाग के संबंध में कोई भी संव्यवहार उक्त श्रीमति निर्मला देवी राय अथवा उसकी संतानों के साथ ना करें, इस प्रकार का कोई भी संव्यवहार शून्य व अवैधानिक है। अतः तद्नुसार सूचित हो।

भवदीय
आबीर दास, एडवोकेट
भोपाल

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतमनगर जिला भोपाल**

क्रमांक /डी/ 503/2026 दिनाँक 16/03/2026

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि थाना गौतमनगर भोपाल के गुम इंसान क्र. 21/2026, अपराध क्रमाँक 110/2026 धारा 137 (2) बी. एन. एस की गुमशुदा /अपहर्ता माईन पिता मुबारिक उम्र 16 साल निवासी निवासी झुग्गी न. 140 गली न. 16 इंद्रा सहायता नगर डीआईजी बंगला चौराहा थाना गौतम नगर भोपाल कद 5 फिट रंग साँवला चेहरा लम्बा हैं तथा जमुनी कलर का सलवार सूट पहनी व दुप्ट्टा डाली हैं चेहरे पर सफेद दाग के निशान हैं दिनाँक 06/03/2026 को इन्द्रा सहायता नगर झुग्गी बस्ती से घर से बिना बताये कही चली गई हैं जिसकी फोटो उपरोक्तानुसार हैं के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना गौतमनगर भोपाल से कर सम्पर्क करें अथवा थाना के मोबाईल नम्बर 7049105358 या जाँचकर्ता उनि अजय कुमार के मोबाईल नम्बर 7049104288 पर तत्काल सम्पर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना गौतमनगर भोपाल

जी -11135/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6187



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 6186 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6197

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# ट्रांसपोर्टरों ने कहा-अब राज्य वैट और अन्य स्थानीय करों में करे कटौती

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




**मोहन सरकार से आमजन, किसानों और उद्योगों को राहत देने की मांग**

ट्रांसपोर्टरों ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद अब राज्य सरकारों से वैट और अन्य स्थानीय करों में कटौती करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटाकर 3 और डीजल पर 10 से घटाकर शून्य कर दी है। डीजल की ऊंची कीमतों के कारण ट्रांसपोर्टरों को भारी घाटा हो रहा है। राहत के लिए वैट में कमी जरूरी है, ताकि लॉजिस्टिक्स लागत कम हो सके और माल ढुलाई सस्ती हो। इसके अलावा ट्रांसपोर्टर अलग-अलग राज्यों द्वारा लिए जाने वाले एंट्री टैक्स, रोड टैक्स और ई-चालान जैसे मुद्दों पर भी राहत चाहते हैं।

ट्रांसपोर्टर और आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकात, हरीश डाबर सहित अन्य ट्रांसपोर्टरों ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती के कदम को सराहना की और परिवहन क्षेत्र, किसानों एवं आम जनता के लिए राहतभरा निर्णय बताया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच लिया गया यह निर्णय समयोचित है, जिससे परिवहन लागत घटेगी और महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। संगठन ने यह भी कहा कि यदि मिडिल ईस्ट में तनाव लंबा चलता है और डीजल कीमतें बढ़ती हैं, तो देशहित में ट्रांसपोर्ट सेक्टर निरंतर सेवाएं देता रहेगा। साथ ही संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि ऐसे समय में टोल टैक्स में राहत या अस्थाई छूट प्रदान की जाए, जिससे ट्रांसपोर्टरों की आर्थिक व्यवहार्यता बनी रहे। मुकाती ने राज्य सरकारों से मांग करते हुए कहा कि वे भी वैट एवं अन्य करों में कमी कर आमजन, किसानों और उद्योगों को राहत दें। संगठन का मानना है कि केंद्र व राज्य सरकारो के संयुक्त प्रयासो से ईंधन कीमतों में स्थिरता आएगी और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## 23 मार्च से अब तक बेचे जा चुके हैं करीब 5.7 लाख सिलेंडर

**हर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर मिलेगा छोटू गैस सिलेंडर**



**नई दिल्ली।** सरकार ने 5 किलो वाले एफटीएल एलपीजी सिलेंडर पर अहम अपडेट दिया है। छोटे सिलेंडर आस-पास के एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई भी वैध आईडी प्रूफ दिखाने पर उपलब्ध हैं। इसके लिए पते के प्रूफ की जरूरत नहीं है। सरकार पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपने उपायों को तेज कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार बीते दिन 71,000 से ज्यादा 5 किलो वाले एफटीएल सिलेंडर बेचे गए। जबकि 23 मार्च से अब तक ऐसे लगभग 5.7 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह कदम पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की बिना किसी रुकावट के उपलब्धता बनाए रखने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।उसने नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे घबराकर खरीदारी न करें। अनावश्यक एलपीजी बुकिंग से बचें। साथ ही लोगों को सलाह दी कि वे जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। वैसे तो मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है।

### अभी तक 3,700 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे

सरकार ने कहा कि एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पूरे उद्योग में कुल बुकिंग में से 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन के जरिए की गई। सिलेंडरों के गलत इस्तेमाल, जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एनफोर्समेंट को और कड़ा कर दिया गया है। अभी तक 3,700 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे गए। अब तक एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। 27 डिस्ट्रीब्यूटरशिप को निलंबित कर दिया गया है।

### 28 अप्रैल को भोपाल में आंदोलन की घोषणा

## सांची दूध डेयरी सागर में सेवा समाप्ति पर प्रबंधन और कर्मचारियों में तनाव

**सुपरवाइजर एवं सुरक्षाकर्मी पर अनियमितताओं का आरोप**


प्रदर्शन की तैयारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सांची दुग्ध संघ में अव्यवस्थाओं और आर्थिक संकट के कारण पहले से ही प्रबंधन और कर्मचारियों में तनाव बना हुआ है। सांची दूध डेयरी में वर्षों से कार्यरत सुरक्षा गार्डों को मार्च 2027 तक हटाने के बजाय अब समय से पहले निकालने की धमकी दी जा रही है।

इन अनुभवी गार्डों की जगह नए गार्ड रखने की योजना है, जिससे कर्मचारियों में रोष है और वे 28 अप्रैल को भोपाल में महाआंदोलन के माध्यम से एकजुट होकर अपनी आवाज उठाने की घोषणा की है। सुरक्षाकर्मियों के अनुसार पुरानी सिक्योरिटी गार्डों को हटाकर नए गार्ड रखने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कई गार्ड 10-15 वर्षों से सांची डेयरी में कार्यरत हैं, जिन पर अब रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है। आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारी एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ 28 अप्रैल को भोपाल में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। एक्स सर्विसमेन सिक्यूरिटी एंड मैनपावर सर्विसेस, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र में उल्लेखित किया है कि बुन्देलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर के पत्र से अवगत कराया गया है कि आपकी फर्म द्वारा नियोजित सुपरवाईजर एवं सुरक्षाकर्मी द्वारा किए जा रहे अनियमितताओं के कारण दुग्ध संघ में कार्य अत्याधिक प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण संस्था का सुरक्षा कार्य ठेका 21 अप्रैल 2026 से मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश से समाप्त किया जा रहा है। अतः समस्त सुरक्षा कर्मीयों को अवगत कराया जाता है कि 21 अप्रैल 2026 से बुन्देलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर से संस्था का सुरक्षा व्यवस्था का कार्य समाप्त हो रहा है। जिसके कारण सभी समस्त सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जाती है।

### सीआईआई ने एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी कर केंद्र सरकार से की मांग

## सूक्ष्म, मझोले तथा लघु उद्यम और निर्यातकों को दिया जाए प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग**




भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) ने मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव (विशेषकर पश्चिम एशिया संकट), कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान और उच्च लॉजिस्टिक्स लागत के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और निर्यातकों के लिए सरकार से आपातकालीन प्रोत्साहन पैकेज की मांग की है। संगठन ने मौजूदा समय में सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिए गए हैं। इसके साथ ही सीआईआई ने प्राथमिक बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से अस्थायी छूट, समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल- ईसीएलजीएस) शुरू करने और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग की गई है। सीआईआई ने प्रस्ताव दिया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण मानदंडों पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि बैंक बाहरी व्यवधानों के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट तनाव के प्रति अधिक लचीले ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। इसके अलावा, संगठन ने सुझाव दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एमएसएमई और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष पुनर्वित्त खिड़की स्थापित कर सकता है।

### सीआईआई ने जीएसटी रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का किया आग्रह

अन्य सुझावों में बिजली शुल्कों में अस्थायी राहत, नकद ऋण सीमा में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि और ऋण प्रसंस्करण शुल्क में छूट शामिल है। सीआईआई ने लंबित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का भी आग्रह किया। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहाकि सरकार और आरबीआई ने गति, स्पष्टता और समन्वय के साथ प्रतिक्रिया दी है। शुरुआती उपायों ने धारणा को स्थिर करने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा कि नीतिगत प्रतिक्रिया के अगले चरण में लक्षित नकदी सहायता और व्यापार लागत प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत हो सकती है।

### सरकारी गारंटी के माध्यम से कार्यशील पूंजी दी जाए बनर्जी ने कहा



सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने सुझाव दिया कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दौरान प्राथमिक बाजारों में विदेशी पूंजी प्रवाह बनाए रखने के लिए वित्त मंत्रालय विदेशी निवेशकों को प्राथमिक बाजार निवेश में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर से अस्थायी छूट देने पर विचार कर सकता है। इसके लिए पात्र होल्डिंग अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल किया जा सकता है। सीआईआई ने कहा कि यह नपातुला प्रोत्साहन स्थिरता का संकेत देगा और धैर्यवान पूंजी को प्रोत्साहित करेगा।

### 'पीएनबी सोल्जरथॉन 2026' हाफ मैराथन का शुभारंभ

## 26 हजार से अधिक पंजीकरण 19.5 लाख की पुरस्कार राशि



द्वितीय संस्करण का शुभारंभ

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में प्रमुख हाफ मैराथन 'पीएनबी सोल्जरथॉन 2026- रन विथ सोल्जर , रन फार पीएनबी सोल्जर' के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ किया।

इस आयोजन में 26,000 से अधिक पंजीकरण दर्ज हुए। प्रथम चरण में 21.1 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और 5 किमी की दौड़ श्रेणियां शामिल हुई। इस आयोजन में कुल 19.5 लाख की पुरस्कार राशि रखी गई। इस अवसर पर पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक बिभु प्रसाद महापात्र एवंडी सुरेंद्रन उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पीएनबी ने विभिन्न विभागों एवं शाखाओं के लिए वर्चुअल मैराथन का भी आयोजन किया है, जो "वन टीम, वन मैराथन" की भावना को सुदृढ़ करता है। देशभर से 1,00,000 से अधिक प्रतिभागी भाग लिए। दीपक कुमार, महाप्रबंधक, पीआर एवं सीसीडी, पीएनबी ने कहा कि पीएनबी सोल्जरथॉन 2026 केवल एक दौड़ नहीं, आपितु एक राष्ट्रीय अभियान है, जो हमारे सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान और सामुदायिक सहभागिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ई-मैराथन की शुरुआत के साथ हमें इस सम्मान को भौगोलिक सीमाओं से परे ले जाने और देशभर के लोगों को इसमें सहभागी बनाने पर गर्व है।

## बिजनेस न्यूज

### सरकार ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए सभी आईटीआर फॉर्म्स जारी किए




**नई दिल्ली।** सरकार ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए सभी आईटीआर फॉर्म्स जारी कर दिए हैं। इसी के साथ आने वाले फाइलिंग सीजन का आगाज हो चुका है। इसी क्रम में टैक्सपेयर्स इस महीने से रिटर्न फाइल करना शुरू कर सकते हैं। इधर आयकर विभाग ने पहले ही आईटीआर-1 (सहज),आईटीआर-2, आईटीआर-4 (सुगम) औरआईटीआर-6 जैसे फॉर्म नोटिफाई कर दिए हैं। अब इसके कुछ समय बाद यूटिलिटीज (पहले ऑफलाइन और फिर ऑनलाइल) चालू किए जाएंगे, जिनकी मदद से टैक्सपेयर्स रिटर्न फाइल कर पाते हैं। अब चूंकि आईटीआर फॉर्म नोटिफाई हो चुके हैं इसलिए यूटिलिटीज भी जल्द ही चालू कर दी जाएंगी। इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर ने कहाकि आमतौर पर आईटीआर फाइलिंग अप्रैल महीने में शुरू होती है। पिछले साल, इनकम टैक्स के नियमों में बड़े बदलावों-जिनमें एलटीसीजी , एसटीसीजी और इंडेक्सेशन शामिल थे कि वजह से इसमें देरी हुई थी। चूंकि इस बार इनकम टैक्स विभाग ने टैक्स रिटर्न फॉर्म पहले ही नोटिफाई कर दिए हैं इसलिए उम्मीद है कि आईटीआर फाइलिंग इसी महीने शुरू हो जाएगी,फिर भी वेतनभोगी लोगों को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर फाइल करने से पहले अपने फॉर्म 16 का इंतजार करना चाहिए।

### रियलमी ने पेश किया रियलमी 16 5जी



**नई दिल्ली।** रियलमी ने रियलमी 16 5जी पेश किया। यह नई जनरेशन के युवा यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो अपनी क्रिएटिविटी, पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ रोजमर्रा की विज़्युअल स्टोरीटैलिंग प्रदर्शित करना चाहते हैं। इसमें ए.आई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं। साथ ही 7,000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के बावजूद अल्ट्रा-लाईट रियलमी 16 5जी मिड-रेंज का सबसे बेहतर स्मार्टफोन है। रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा स्मार्टफोन उद्योग में मूल्य रीसेट हो रहे हैं। यूज़र्स हर मूल्य वर्ग में बेहतर फीचर्स चाहते हैं। रियलमी 16 5जी लांच करने का उद्देश्य उनकी इन अपेक्षाओं को पूरा करना है। इस स्मार्टफोन में हमने कई इनोवेशन, जैसे उद्योग का पहला सेल्फी मिरर और 7,000 एमएएच की दमदार बैटरी के साथ स्लिम और दैनिक उपयोगिता का डिजाईन दिया है।

### साबुन से लेकर तेल तक होगा महंगा, रेट बढ़ाने की तैयारी में एफएमसीजी कंपनियां

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव से आर्थिक दबाव भी बढ़ने लगा है और महंगाई अपना असर दिखाने लगा है। अगर स्थिति यही रही, तो कुछ ही दिनों में साबुन से लेकर सोडा और खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले तेल के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजें महंगी हो जाएंगी। इससे आम लोगों का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनियां वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही से एक बार फिर कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट का अनुमान है कि अगर कच्चे माल की मौजूदा महंगाई बनी रहती है, तो वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कीमतें कम से कम 3 से 4 परसेंट तक बढ़ जाएंगी। हालांकि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसका असर मौजूदा स्टॉक के स्तरों के कारण सीमित रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे ये स्टॉक खत्म हो रहे हैं, इंडस्ट्री बदलाव के लिए तैयारी कर रही है। लगभग हर एफएमसीजी कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स (साबुन, बिस्किट, शैम्पू) की पैकेजिंग प्लास्टिक से करती है, जो तेल से बनता है। अब पैकेजिंग में ज्यादा खर्च आएगा, तो कंपनियां भी अपने उत्पाद महंगे दामों में बेचेंगी। इसके अलावा, क्रूड ऑयल महंगा होने से लॉजिस्टिक्स पर खर्च अधिक आ रहा है।

## विदेशी निवेशकों की बड़ी बिकवाली, दो दिन में 19,837 करोड़ रुपए निकाले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**■ तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर**



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल की शुरुआत में भी भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकालना जारी रखा है। अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही एफपीआई ने करीब 19,837 करोड़ रुपए की निकासी की है। यह बिकवाली ऐसे समय में देखने को मिली है जब पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये में कमजोरी जैसे वैश्विक कारण बाजार पर दबाव बना रहे हैं। मार्च महीने में भी एफपीआई ने भारी निकासी की थी और करीब 1.17 लाख करोड़ रुपए बाजार से बाहर निकाले थे। यह अब तक का सबसे बड़ा मासिक आउटफ्लो माना जा रहा है।

इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक था। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार साल 2026 में अब तक एफपीआई कुल मिलाकर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में 2 अप्रैल तक कैश मार्केट में ही एफपीआई ने 19,837 करोड़ के शेयर बेच दिए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक दबाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चलते निवेशकों का रुझान लगातार सतर्क बना हुआ है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब भारतीय शेयर बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि युद्ध जारी रहने, कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने और रुपये में लगातार गिरावट के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारी बिकवाली देखने को मिल रही है।

### करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई

जियोजित इंवेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार के अनुसार रुपए में गिरावट और डॉलर में मजबूती ने भी निवेशकों को बाजार से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से रुपए में करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई है और आगे और कमजोरी की आशंका भी बनी हुई है। इसी वजह से विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं।

## सरकार ने लागू किए सख्त नियम कीमतों में आ सकता है उछाल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने घरेलू बाजार को लेकर बड़ा कदम उठाया है। व्यापार घाटा कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने के उद्देश्य से सरकार ने सोना, प्लैटिनम और संबंधित उत्पादों के आयात नियम सख्त कर दिए हैं। अब इन वस्तुओं को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिसट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया गया है। इसका मतलब है कि अब विदेश से इनका आयात करने के लिए सरकारी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। अब तक, सोने-चांदी के कई आभूषण या इंडस्ट्रियल उत्पाद बिना किसी बाधा के आसानी से हमारे देश में आयात किए जा सकते थे। इस फैसले के दायरे में सोने के आभूषण, प्लैटिनम उत्पाद, कीमती धातुओं से बने सामान, इंडस्ट्रियल और लैब उपयोग की वस्तुएं और गोल्ड प्लेटेड आइटम शामिल हैं।

सरकार ने साफ किया है कि यह नियम नए और पुराने दोनों तरह के सौदों पर तुरंत प्रभाव से लागू होगा। जिन व्यापारियों ने पहले ही ऑर्डर या एलसी जारी कर दिए हैं, उन्हें भी कोई छूट नहीं मिलेगी। आयात पर रोक से घरेलू बाजार में सप्लाई घट सकती है। मांग ज्यादा और सप्लाई कम होने से आने वाले समय में सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। अब ज्वेलर्स और निर्माताओं को कच्चा माल खरीदने के लिए सरकारी परमिट लेना होगा, जिससे प्रक्रिया जटिल हो सकती है। इसका असर उत्पादन लागत और ज्वेलरी की कीमतों पर पड़ेगा। जहां नए खरीदारों के लिए यह झटका है, वहीं पहले से निवेश कर चुके लोगों को फायदा हो सकता है। सप्लाई घटने से उनके सोने का मूल्य बढ़ने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य रुपए को मजबूत रखना, विदेशी मुद्रा बचाना और 'मेक इन इंडिया' के तहत घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना है।

### बेहतर गुणवत्ता के कारण जीसीसी के लिए उभर रहा भोपाल

## क्रेडाई ने कहा- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स की दौड़ में भोपाल के पास कमाल का मौका

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

**■ कंपनियों को लागत और स्थिरता दोनों का फायदा**



भारत में जीसीसी यानी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का विस्तार अब केवल मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। जीसीसी वे केंद्र होते हैं, जहां बड़ी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने लिए टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स, फाइनेंस, कस्टमर सपोर्ट, इंजीनियरिंग, रिसर्च, डिज़ाइन और बैक-ऑफिस जैसे काम एक ही जगह से संचालित करती हैं। अब टियर-2 शहर भी इस दौड़ में तेजी से उभर रहे हैं।

क्रेडाई तथा उद्योग आकलनों के अनुसार टियर-2 शहर अब नए जॉब पोस्टिंग्स का 30-32 फीसदी हिस्सा बना रहे हैं। ऐसी लोकेशंस की मांग वित्त वर्ष 2025 में नई वैल्यूएशंस के लगभग 35 फीसदी तक पहुंच चुकी है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे शहरों में कॉमर्शियल रियल एस्टेट लागत 50 फीसदी तक कम, जीवन-यापन खर्च 25-35 फीसदी कम, और एट्रिशन 10-14 फीसदी के दायरे में रहता है। इससे कंपनियों को लागत और स्थिरता दोनों का फायदा मिलता है। इसी बदलते परिदृश्य में भोपाल के लिए अवसर विशेष महत्व रखता है। मध्यप्रदेश ने समर्पित जीसीसी पॉलिसी के माध्यम से 50 से अधिक जीसीसी और 37000 से अधिक रोजगार का लक्ष्य रखा है। अब जरूरत इस नीति को शहर-स्तर पर जमीन पर उतारने की है। 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक का मानना है कि भोपाल को सामान्य आईटी शहर नहीं, बल्कि स्पेशलाइज्ड जीसीसी डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके लिए ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस, भरोसेमंद बिजली और इंटरनेट, तेज़ अनुमतियां, स्किल मैपिंग और सेक्टर-आधारित शहर की प्रस्तुति जरूरी है। खासकर एआई-आधारित ऑटोमेशन, बीएफएसआई सपोर्ट, जियोस्पेशल एवं गवर्नेंस-टेक, हेल्थ-टेक और डिजिटल प्लेटफॉर्म सेवाओं में भोपाल अपनी अलग पहचान बना सकता है। यदि जीसीसी पॉलिसी, नॉलेज एंड एआई सिटी और प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर को एक साथ जोड़ा गया, तो भोपाल वास्तविक निवेश और रोजगार का शहर बन सकता है।

### बढ़ेगी महंगाई, जीडीपी वृद्धि दर भी गिरेगी

## पश्चिम एशिया तनाव का भारत पर पड़ेगा बड़ा असर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाते हुए नए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इसे 6 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से भारत की आर्थिक गति पर असर पड़ेगा और महंगाई के जोखिम बढ़ेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार एलपीजी आपूर्ति में बाधा और ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू स्तर पर असर दिख सकता है। इससे परिवहन लागत बढ़ेगी और खाद्य महंगाई पर भी दबाव पड़ेगा, क्योंकि भारत उर्वरकों के आयात पर निर्भर है। पश्चिम एशिया से भारत में कच्चे तेल का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का 90 प्रतिशत से अधिक आयात होता है।

### महंगाई बढ़ने का अनुमान

मूडीज ने नए वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। एजेंसी के अनुसार, भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती महंगाई और स्थिर आर्थिक वृद्धि के बीच नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है या धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है, जो संघर्ष की अवधि और उसके प्रभाव पर निर्भर करेगा।

### विकास दर पर दबाव के कारण

एजेंसी के मुताबिक निजी खपत में कमी, औद्योगिक गतिविधियों में नरमी और उच्च लागत के कारण निवेश की गति धीमी पड़ सकती है, जिससे विकास दर प्रभावित होगी। रिपोर्ट के अनुसार तेल, गैस और उर्वरकों की ऊंची कीमतों से सरकारी सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा और राजस्व पर दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से टैक्स संग्रह पर असर पड़ सकता है। भारत का चालू खाता घाटा 2025 में घटकर 0.4 प्रतिशत रहा, लेकिन 2026-27 में इसके 1-1.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। महंगे आयात और व्यापार में बाधाओं के कारण यह दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र से आने वाली रेमिटेंस, जो कुल प्रवाह का लगभग 40 प्रतिशत है, भी जोखिम में आ सकता है।

## चिंतन

# विकास चौपट कर रही 'राजनीतिक रेवड़ियां'

देश की राजनीति में 'फ्रीबीज' या 'रेवड़ी संस्कृति' अब चुनावी रणनीति का सबसे आसान और लोकप्रिय हथियार बन चुकी है। चुनाव आते ही मुफ्त राशन, नकद सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी और तमाम तरह की घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। पहली नजर में ये योजनाएं आम जनता को राहत देने वाली लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो यही रेवड़ियां राज्यों के आर्थिक ढांचे को भीतर से खोखला कर विकास को चौपट कर रही हैं। असल समस्या यह है कि घोषणाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन राज्यों की कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। नतीजा बजट का संतुलन बिगड़ रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विकास कार्यों के लिए पैसा ही नहीं बच रहा। सड़कों, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर खर्च घटाया जा रहा है, ताकि चुनावी वादों को किसी तरह निभाया जा सके। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है, जहां नकदी संकट इतना गहरा गया कि सरकार को वेतन और पेंशन तक टालनी पड़ी। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय का संकेत है। अगर यही रुझान जारी रहा, तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई योजनाएं अधर में लटकी हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं के चलते कर्ज का अनुपात तेजी से बढ़ा है। महाराष्ट्र जैसे अपेक्षाकृत मजबूत राज्य को भी दबाव में आकर कुछ योजनाएं बंद करनी पड़ीं। पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात और भी गंभीर हैं। यहां चुनावी घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जब किसी राज्य की कमाई का इतना बड़ा हिस्सा केवल मुफ्त योजनाओं में खर्च हो जाए, तो विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? यही वजह है कि कई राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स धीमे पड़ रहे हैं या रुक गए हैं। यह भी समझना जरूरी है कि मुफ्त योजनाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं। समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब ये योजनाएं आर्थिक मजबूती के बजाय केवल चुनावी लाभ के लिए बनाई जाती हैं। बिना दीर्घकालिक योजना और वित्तीय अनुशासन के चलाई गई योजनाएं अंततः राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाती हैं। कैश ट्रांसफर योजनाएं विशेष रूप से चिंता का विषय हैं। ये योजनाएं तुरंत राहत तो देती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हैं। इनसे न तो रोजगार पैदा होता है और न ही उत्पादन बढ़ता है। उल्टा, ये सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर देती हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भविष्य में कुछ राज्यों के डिफॉल्ट होने का खतरा भी पैदा हो सकता है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, सरकारों को लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक विकास पर ध्यान देना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ही असली विकास का आधार है। इसके साथ ही, वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करना होगा और हर योजना के लिए स्पष्ट संसाधन सुनिश्चित करने होंगे। जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल मुफ्त सुविधाओं के लालच में वोट देने के बजाय, उन्हें यह देखना होगा कि कौन सी नीतियां उनके भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो राज्यों की आर्थिक सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा और विकास केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएगा।



भाजपा का स्थापना दिवस
हेमंत खंडेलवाल

# विश्वास से शिखर तक विराट यात्रा

> भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी वैचारिक स्पष्टता रही है। राष्ट्र प्रथम का भाव, अंत्योदय का लक्ष्य और संगठन सर्वोपरि का संस्कार, इन सिद्धांतों ने हर कार्यकर्ता को एक दिशा दी है। यही कारण है कि भाजपा में कार्यकर्ता केवल समर्थक नहीं होता, वह विचार का जीवंत प्रतिनिधि होता है। 2014 के बाद संगठन और सरकार के समन्वय ने इस विचार को नई गति दी। अमित शाह के संगठनात्मक विस्तार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व ने भाजपा को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त पहचान दी। आज भारत की राजनीति में भाजपा केवल एक दल नहीं, बल्कि परिवर्तन का पर्याय बन चुकी है।

6 अप्रैल केवल एक स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और संकल्प का स्मरण है, जिन्होंने विचार को जीवन का ध्येय बनाकर संगठन को शिखर तक पहुंचाया। भारतीय जनता पार्टी की यात्रा सत्ता के शिखर तक पहुंचने की कहानी भर नहीं है, यह उस विश्वास की कहानी है जिसमें पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़ा कार्यकर्ता भी स्वयं को राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जब जनसंघ का बीज रोपा, तब परिस्थितियां प्रतिकूल थीं, लेकिन राष्ट्रवाद का संकल्प अडिग था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने उस बीज को अंत्योदय की भावना से सींचा, यह विचार कि विकास का केंद्र वही अंतिम व्यक्ति होगा, जो अब तक व्यवस्था से दूर रहा। यही वह मूल था, जिसने संगठन को केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार परिवार बनाया।

समय के साथ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने इस विचार को जन-जन तक पहुंचाया। संवाद, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ उन्होंने भाजपा को जनभावनाओं का प्रतिनिधि बनाया। वहीं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जैसे संगठन पुरुषों ने कार्यकर्ता को केंद्र में रखकर संगठन को खड़ा किया। उन्होंने यह स्थापित किया कि भाजपा में पद नहीं, बल्कि परिश्रम और प्रतिबद्धता ही पहचान है। यही कारण है कि दो सांसदों से प्रारंभ हुई यात्रा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। यह विस्तार किसी एक नेता या एक कालखंड का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों तक बूथ स्तर पर कार्य करने वाले उन कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने बिना किसी अपेक्षा के विचार को आगे बढ़ाया।

भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी वैचारिक स्पष्टता रही है। राष्ट्र प्रथम का भाव, अंत्योदय का लक्ष्य और संगठन सर्वोपरि का संस्कार, इन सिद्धांतों ने हर कार्यकर्ता को एक दिशा दी है। यही कारण है कि भाजपा में कार्यकर्ता केवल समर्थक नहीं होता, वह विचार का जीवंत प्रतिनिधि होता है। 2014 के बाद संगठन और सरकार के समन्वय ने इस विचार को नई गति दी। अमित शाह के संगठनात्मक विस्तार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व ने भाजपा को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त पहचान दी। आज भारत की राजनीति में भाजपा केवल एक दल नहीं, बल्कि परिवर्तन का पर्याय बन चुकी है।

आज भाजपा भारतीय राजनीति की केंद्रीय धुरी बन चुकी है। जिन क्षेत्रों में कभी इसकी उपस्थिति सीमित थी, वहां आज जनसमर्थन के बल पर सरकारें स्थापित हुई हैं। पूर्वोत्तर के राज्यों-असम, त्रिपुरा, मणिपुर सहित सभी प्रदेशों में भाजपा का विस्तार यह दर्शाता है कि विचार और संगठन जब साथ चलते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की उपस्थिति निरंतर सुदृढ़ हो रही है।

यह विस्तार केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक वैचारिक यात्रा का परिणाम है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक कार्यकर्ता जिस संकल्प के साथ गांव-गांव पहुंचे थे, वह आज साकार होता दिखाई देता है। यह यात्रा किसी एक नेता या एक कालखंड की नहीं,




बल्कि पीढ़ियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

भाजपा की विचारधारा केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसे नीति और निर्णयों के माध्यम से व्यवहार में उतारा गया। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण और अनुच्छेद 370 का निरसन-ये केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि दशकों पुराने संकल्पों की सिद्धि हैं। यह उस वैचारिक दृढ़ता का परिणाम है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक संघर्ष किया।

इसी प्रकार, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून और आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार जैसे निर्णय यह दर्शाते हैं कि भाजपा केवल राजनीति नहीं करती, बल्कि नीतिगत परिवर्तन के माध्यम से समाज में स्थायी बदलाव लाने का प्रयास करती है।

अंत्योदय के सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए जनकल्याण की अनेक योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया गया है। जनधन योजना के तहत करोड़ों लोगों को पहली बार बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया। आयुष्मान योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी, उज्ज्वला योजना ने रसोई को धुएं से मुक्त किया, और प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों परिवारों को अपना घर दिया। हर घर जल और बिजली जैसी पहलें जीवन की बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं।

यह परिवर्तन केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव के रूप में दिखाई देता है। यही सुशासन का वास्तविक अर्थ है- जहां योजनाएं कागज़ों से निकलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती हैं।

मध्यप्रदेश इस यात्रा का सशक्त उदाहरण है। यहां कार्यकर्ता संस्कृति केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है। बूथ से लेकर प्रदेश तक, हर स्तर पर कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक रही है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास और सांस्कृतिक चेतना के नए आयाम स्थापित कर रहा है, जिसमें हर कार्यकर्ता की सहभागिता स्पष्ट दिखाई देती है।

यह यात्रा हमें यह भी स्मरण कराती है कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ता में निहित होती है। वही कार्यकर्ता, जो बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी पहचान के, केवल राष्ट्र और विचार के लिए समर्पित रहता है। वही भाजपा की आत्मा है, वही उसकी ऊर्जा है। स्थापना दिवस का यह अवसर हमें पुनः उस मूल भावना से जोड़ता है कि हमारा हर प्रयास अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए हो, हमारा हर संकल्प राष्ट्र की प्रगति के लिए हो, और हमारा हर कदम संगठन को और सशक्त बनाने के लिए हो। दो सांसदों से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने की यह यात्रा वास्तव में कार्यकर्ता के विश्वास की विजय है और यही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान है।

आज जब भारतीय जनता पार्टी अपने 47वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, तब यह केवल उपलब्धियों का स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य के संकल्पों को और अधिक दृढ़ करने का भी समय है। भारत 2047 का लक्ष्य केवल एक दृष्टि नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे साकार करने की जिम्मेदारी करोड़ों कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। निस्संदेह, यह यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि विश्वास की विजय है-और यही विश्वास भारत के उज्ज्वल भविष्य का आधार भी है और उसकी सबसे बड़ी शक्ति भी।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष व बैतूल विधायक हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चुनौतियां

डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत आर्थिक व उन्नत परमाणु शक्ति बने

यकीनन इस समय पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते हुए युद्ध के दौर के बीच भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं। हाल ही में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड के द्वारा प्रस्तुत 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान के द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया और अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। ऐसे में भारत के लिए आर्थिक शक्ति के साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनने की आवश्यकता उभरकर दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत तेज रफ्तार से विकास करते हुए वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, वहीं संसदीय रक्षा समिति की रिपोर्ट में भविष्य के युद्धों में भारत की निर्णायक भूमिका के मद्देनज़र देश को स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का हब बनाए जाने की जरूरत बताई गई है। गौरतलब है कि भारत के पड़ोस में पाकिस्तान के द्वारा आधुनिक चीनी हथियारों से आतंक और घुसपैठ को प्रश्रय और चीन की ओर से सीमा पर आपत्तिजनक गतिविधियां भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। जहां लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के कुछ भागों पर कब्जा कर रखा है, वहीं अब चीन की नजर कराकोरम दर्रे पर भी है। जहां चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पकड़ मजबूत करने की राह पर आगे बढ़ा है, वहीं वह हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के जरिए भारत को घेरते हुए दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2025 में भारत के पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 7 मई से ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन ने पाकिस्तान को साइबर सपोर्ट, उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है। यह पूरा परिदृश्य भारत के लिए दशकों से चली आ रही शांतिप्रियता की नीति में आमूलचूल बदलाव की जरूरत बता रहा है। निसंदेह कई दशकों से भारत पंचशील के वाहक देश के रूप में विदेशी आतंक और विदेशी अतिक्रमणों को भी धैर्यपूर्वक सहन करने की मानसिकता के साथ आगे बढ़ता रहा है, लेकिन हाल ही के वर्षों में ऐसी मानसिकता में बहुत कुछ बदलाव आया है। निसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक पिछले 12 वर्षों में सरकार ने एक ओर आर्थिक तो दूसरी ओर सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। अब भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ पड़ोसियों के टकराव की स्थिति और बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने, मजबूत सैन्य शक्ति व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने के लिए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भी भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से अर्थव्यवस्था को तेज गिरावट से बचाए हुए है। अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर के 6.5 फीसदी होने संबंधी अनुमान प्रस्तुत कर रही हैं। भारत का मजबूत घरेलू बाजार, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार में 680 अरब डॉलर से अधिक का संचय युद्ध की मुश्किलों के बीच भारत का सहारा है। साथ ही भारत को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में बनाए हुए है। अभी देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी व आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रफ्तार से बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि भारत की सीमाओं पर बढ़ती भू राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर सरकार भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु शक्ति बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इस अभियान में देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम क्या है



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।


## एक सत्संग ऐसा भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### ट्रंप और ईरान की जिद दुनिया को ले डूबेगी

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि वो उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। पाषाण युग वो समय था जब मनुष्य पत्थर के हथियारों का प्रयोग करता था। यह युग लगभग 25 लाख वर्ष पहले का युग माना जा सकता है। पत्थरों के हथियारों से उतना नुकसान नहीं होता था जितना आज के आधुनिक हथियारों से हो सकता है। आज के हथियार तो संपूर्ण प्राणी जाति को नष्ट करने वाले हैं। अगर अमरीका और ईरान अपनी ईगो के कारण युद्ध समाप्त नहीं करते हैं, तो यह किसी एक ही देश के लिए नुकसानदायक नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है, और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि परमाणु हथियार बहुत ही हानिकारक हैं। *- युक्ता, रोहतक*

## ट्रेंड

### असम में शांति



10 साल पहले बम, बंदूक, भ्रष्टाचार और आतंकवादियों की सरकार होती थी। जहां दंगों और कर्फ्यू की खबरें आती थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में असम स्थायी और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राष्ट्रीय पुनर्निर्माण



हम सत्ता के स्वर्ण शिखर पर बैठने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी राजनीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए, जनता के कल्याण के लिए, बहनों के सशक्तिकरण के लिए और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



हिमंता सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। हिमंता सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है - इसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, उनको सज़ा मिलनी तय है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस


### लागत पर दबाव



भू- राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में उत्पादकों की लागत पर दबाव पड़ रहा है और यदि यह स्थिति मध्यम अवधि तक बनी रहती है, तो इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने की संभावना है।
-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी

## करंट अफेयर

# ऑक्सफोर्ड विवि 'शिक्षापत्री' का द्विशताब्दी समारोह मना रहा




ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक 'शिक्षापत्री' की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित 'शिक्षापत्री' नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। बोडलियन में एशियाई और मध्य पूर्वी संग्रह की क्यूरेटर डॉ. गिलियन एविसन ने कहा, ''ब्रिटेन भर के मंदिरों और समुदायों के साथ इस ऐतिहासिक पांडुलिपि को साझा करके, बोडलियन पुस्तकालयों को उम्मीद है कि वे इसके सांस्कृतिक महत्व और इसके स्थायी संदेश दोनों का सम्मान करेंगे।' उन्होंने कहा, 'रचना के दो शताब्दी बाद भी, 'शिक्षापत्री' में करुणा, नैतिक जीवन और सामाजिक सद्भाव का आह्वान जटिल होती दुनिया में प्रासंगिक है।'

## ऑफ बीट

# जानें कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# रंग विदूषक, रंगशीर्ष संस्था को किया कूल्ड ऑफ, नया थियेटर में की कलाकार संख्या कम

## देश की 70 प्रतिशत से अधिक सक्रिय रंगकर्म संस्थाओं के आवेदन किए निरस्त, कूल्ड ऑफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 23 मार्च को गुरु शिष्य परम्परा स्कीम के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु जारी मिनट्स में बिना कोई कारण बताए देश की करीब 70 प्रतिशत से अधिक सक्रिय संस्थाओं (कुल संख्या 1164) के आवेदन निरस्त / कूल्डऑफ कर दिए गए हैं। मप्र के फ्रेश और रिनुअल मिलाकर 78 आवेदन रिजेक्ट और 44 कूल्डऑफ हुए हैं। इस संबंध में मालवीय नगर के निजी होटल में रंगकर्मियों ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें मौजूद रंगकर्मियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि अनुदान योजना के 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी दूर दराज, ग्रामीण या कस्बाई इलाकों से जुड़े कलाकार हैं। ऐसे में चयन समिति की बैठक के पूर्व कागजी त्रुटि सुधार का कोई अवसर न देना प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध और असंवेदनशील कदम है।



प्रेस वार्ता में अपनी बात कहते शहर के रंगकर्मी।

### कल दिल्ली जाकर कहेंगे अपनी बात

प्रेस वार्ता में रंगकर्मियों ने कहा कि हमारा अगला कदम 7 अप्रैल को मप्र और देश के सभी रंगकर्मियों के साथ दिल्ली प्रस्थान करना होगा और इस विषय पर हम संस्कार भारती, संस्कृति सचिव एवं संस्कृति मंत्री से मुलाकात कर निर्णय को वापस लिए जाने की मांग करेंगे।

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- यही नहीं 23 मार्च को जारी मिनट्स में अनेक संस्थाओं के कार्यक्षेत्र कॉलम में बड़ी मात्रा में गड़बड़ियां भी नजर आईं, जैसे नाट्य संस्थाओं के कार्यक्षेत्र के आगे लोकनृत्य / शास्त्रीय नृत्य / सुगम संगीत लिखा गया है।
- एक जैसी अहर्ताएं पूरी करने के बावजूद किसी संस्था को एप्रूव, किसी को एप्रूव बट कूल्ड ऑफ और किसी को रिजेक्ट कैटेगरी में रखा गया है तथा चयन समिति द्वारा ऐसे निर्णय के पक्ष में कोई रिमार्क स्पष्ट नहीं किया गया है।
- वर्ष 2024-25 के लिए फ्रेश कैटेगरी में प्राप्त 621 आवेदनों में से 470 निरस्त एवं रिनुअल में तो वहीं सक्रिय संस्थाओं के 1750 आवेदनों में 320 कला मंडलियों के अनुदान को कूल्ड ऑफ, 844 आवेदनों को सीधा निरस्त कर दिया गया है।
- मध्यप्रदेश में सत्र 2022-23 में कुल 90 रेपर्टरी थीं और इस निर्णय के बाद सिर्फ 39 बची हैं। 253 कलाकार कूल्ड ऑफ और करीब 400 कलाकार रिजेक्ट हुए।

### मप्र के प्रख्यात कलाकारों नाम, जिनकी संस्थाओं को किया कूल्ड ऑफ या रिजेक्ट

रामचंदर सिंह, नया थियेटर (कलाकार संख्या कम)
अंजना पुरी, रंग विदूषक (कूल्ड ऑफ)
संजय मेहता, रंगशीर्ष (कूल्ड ऑफ )
वैशाली गुप्ता (रिजेक्ट)
राजीव अयाची (रिजेक्ट)
अरुण पाण्डेय (कूल्ड ऑफ )
प्रदीप वर्मा (कूल्ड ऑफ )
सौरभ अनंत ( रिजेक्ट )
प्रसन्न सोनी (रिजेक्ट)
संजय पाण्डेय (रिजेक्ट )
विभा श्रीवास्तव (रिजेक्ट)
सिंधु धौलपुरे, पीपल्स थियेटर (रिजेक्ट)
सरफराज हसन (रिजेक्ट)
रूप कुमार वन्माले, नूतन कला निकेतन (रिजेक्ट)
ताना जी (रिजेक्ट)
तनवीर अहमद (रिजेक्ट)
अजयपाल (रिजेक्ट)
बालेन्दु सिंह (कूल्ड ऑफ )
प्रेम गुप्ता (कूल्ड ऑफ )
आशीष पाठक (कूल्ड ऑफ )
आशीष श्रीवास्तव (कूल्ड ऑफ )
सरोज शर्मा (कूल्ड ऑफ )
शरद शर्मा (कूल्ड ऑफ )
गोपाल दुबे (कूल्ड ऑफ )
मनोज नायर (कूल्ड ऑफ )
मनोज मिश्रा (कूल्ड ऑफ )

## संगीत और उमंग से सजा बेगम्स ऑफ भोपाल का ईद मिलन समारोह

# दावत-ए-ईद में झलकी शहर की गंगा-जमुनी तहजीब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गरारा, शरारा और हैदराबादी परिधानों में सजी महिलाओं की शाही अदाओं के बीच गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली रविवार को शाम होटल अनंता वॉय वृंदावन में, जहां उन्होंने सेवइयां, खीर, दही बड़े और छोले-कुलचे जैसे पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। कव्वाली और सूफी गायकी से सराबोर 'दावत-ए-ईद' की मनमोहक शाम ने माहौल को पूरी तरह रूहानी और उत्सवमय बना दिया। यह नजारा देखने को मिला बेगम्स ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित दावत-ए-ईद मिलन समारोह में, जिसने न केवल ईद की खुशियों को साझा किया, बल्कि संस्कृति, सौहार्द और अपनत्व का सुंदर संदेश भी दिया। भोपाल की खूबसूरत गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आए इस कार्यक्रम में शहर की करीब 150 महिलाओं ने शिरकत की और गंगा-जमनी तहजीब से आयोजन को उमंग और उल्लास से भर दिया।





### बॉलीवुड गजलें और कव्वाली ने बांधा समां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायक हमजा कव्वाल व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत बॉलीवुड गजलें और कव्वाली रहीं। इस कार्यक्रम में उन्होंने अपनी सुरीली प्रस्तुति से पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया, इतना ही नहीं महिलाओं के इंटरटेनमेंट के लिए कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गेम्स भी खेले गए। साथ ही लेडी ऑफ द ईवनिंग, वेल-कोऑर्डिनेटेड ड्रेस्ड लेडी और वाइब्रेंट लेडी जैसे विशेष खिताब भी दिए गए, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ा दिया। इस अवसर पर देविका सिंघल ने महिला स्वास्थ्य विषय पर एक संक्षिप्त लेकिन जानकारीपूर्ण सत्र लिया।



# मैंने संगीत को नहीं, बल्कि संगीत ने मुझे चुना है....

## आईईएस कॉलेज में अपनी संगीतमय प्रस्तुति देने आए बॉलीवुड सिंगर अमित मिश्रा ने कहा

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरे पापा एक बिजनेसमैन थे वैसे मैं एक किसान परिवार से भी ताल्लुक रखता हूं और जहां तक संगीत की बात है तो मैं संगीत को चुनने वाला भला कौन होता हूं। दरअसल, मैंने संगीत को नहीं बल्कि संगीत ने मुझे चुना है। मुझे हमेशा से ही संगीत से प्यार रहा और लोगों के सामने परफॉर्म करना एक अलग ही सुकून देता है। मुझे भोपाल बेहद पसंद है और मैं बार-बार यहां आना चाहूंगा। ये कहना है मनमा इमोशन जागे, बुल्लेया, सौ तरह के दर्द, गलती से मिस्टेक और ओले ओले.. सहित कई सुपरहिट गीतों को अपनी आवाज देने वाले बॉलीवुड सिंगर अमित मिश्रा का। वह शहर के आईईएस कॉलेज में अपनी प्रस्तुति देने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।



### मां-बाप और महादेव का करता हूं शुक्रिया

उन्होंने कहा, विक्रम भट्ट की 1920, द ईविल रिटर्न्स फिल्म के मजबूर तू भी कहीं.... गाने के आने के बाद मैं स्टूडियो सेशन करने लगा था। बाद में दिलवाले से मेरे करियर को बूम मिला। मुझे इंडस्ट्री में मनमा इमोशन जागे.... गाने से लोगों ने नोटिस किया जिसके बाद फिर बुल्लेया.. से ग्लोबल फेम मिला, फिर गलती से मिस्टेक.., सौ तरह के..., ओले ओले... जैसे गाने आते रहे, लोगों का प्यार मिलता रहा। इसके लिए मैं अपने मां-बाप और महादेव का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

### उठ के जांदी... इंडी-पंजाबी ट्रैक का एक नया टेक्चर

मिश्रा ने कहा कि भाषा कभी भी संगीत में बाधा नहीं बनती, मैंने बहुत सी भाषाओं में गाने गाए हैं।हाल ही मैं उठ के जांदी... गाया जो एक इंडी-पंजाबी ट्रैक है। ये एक नया टेक्चर है, जो मैंने सीखने की कोशिश की है। इसके अलावा मैंने अभी तक बंगाली गाना गाया है,मराठी गाया है, गुजराती गाना बाकी है,उड़िया बाकी है।

### म्यूजिकल प्लेटफॉर्म आर्टिस्ट के लिए काफी महत्व रखते हैं

मिश्रा ने कहा कि जब से ग्लोबल प्लेटफॉर्म तक आर्ट पहुंचा है तब से सिंगर्स के लिए काफी सारे अवसर निकले हैं। म्यूजिक रियलिटी शो से काफी सारे अच्छे सिंगर इंडस्ट्री को मिले हैं। ये शो लोगों की प्रतिभा को सामने लाने का काम कर रहे हैं और इन्हें एक बड़ा प्लेटफॉर्म भी दे रहे हैं इसलिए इस तरह के म्यूजिकल प्लेटफार्म आर्टिस्ट के लिए काफी महत्व रखते हैं।

## प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर शिवांग मेहता ने साझा किए अनुभव

# प्रभावशाली वन्यजीव फोटोग्राफी के लिए धैर्य, नैतिकता और पशु व्यवहार को समझें

### भोपाल कैमरा क्लब ने किया इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फोटोग्राफी प्रेमियों का एक प्रेरणादायक आयोजन देखने को मिला, जब भोपाल कैमरा क्लब ने सोनी के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव फोटोग्राफर शिवांग मेहता के साथ एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भोपाल के 50 से अधिक फोटोग्राफरों ने भाग लिया, जिनमें वन्यजीव प्रेमी, पेशेवर तथा उभरते हुए फोटोग्राफर शामिल थे।



वन्यजीव फोटोग्राफी के माध्यम से प्रभावशाली कहानी कहने और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाने वाले शिवांग मेहता ने इस अवसर पर अपने फील्ड अनुभव साझा किए और वन्यजीव फोटोग्राफी की चुनौतियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रभावशाली वन्यजीव फोटोग्राफी के लिए धैर्य, नैतिकता और पशु व्यवहार को समझने के महत्व पर विशेष जोर दिया।




### इन विषयों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

- फील्ड एथिक्स एवं जिम्मेदार वन्यजीव फोटोग्राफी
- चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कैमरा सेटिंग्स
- पशु व्यवहार को समझना और एक्शन का पूर्वानुमान
- कैमरा ट्रैप तकनीक
- वन्यजीव फोटोग्राफी के माध्यम से कहानी कहने की कला
- संरक्षण आधारित फोटोग्राफी का दृष्टिकोण

# हम्मा-हम्मा, डिंग-डांग, ओले-ओले पर झूमे स्टूडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी, आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी एवं आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा मशहूर बॉलीवुड सिंगर अमित मिश्रा के लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। अमित मिश्रा ने अपना कॉन्सर्ट 100 मिलियन व्यूज वाला बुल्लेया सॉन्ग्स से शुरु किया, इस गीत ने छात्रों को नाचने एवं झूमने पर मजबूर कर दिया। कई नए पुराने गीतों से अपने कन्सर्ट में अमित मिश्रा ने हम्मा हम्मा, सौ तरह के, गलती से गलती, मनमा इमोशन जागे, सुनो गणपति बप्पा मोरया, ओले ओले, इतना सन्नाटा क्यों है, अल्लाह दुहाई है, डिंग डांग आदि गानों से छात्रों का मन मोह लिया।






# बाल साहित्य शोध केन्द्र ने की सम्मानों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र ने सम्मानों की घोषणा कर दी है। केन्द्र निदेशक महेश सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष भीष्म सिंह चौहान सम्मान सुधा दुबे को, डॉ. राष्ट्रबंधु इंदिरा त्रिवेदी एवं राजकुमारी चौकसे को, कविवरंजन सेन गुप्ता डॉ. पूनम सिन्हा श्रेयसी को, शिवनारायण सूर्यवंशी डॉ. विजयानंद को, रामभाऊ कोपुलवार डॉ. इंदु गुप्ता को, अरुणा निगम बाल साहित्य विनीता सिंह चौहान को, प्रभाकर दुबे डॉ. मंजुलता श्रीवास्तव को, गिरिजा शंकर जोशी डॉ. वन्दना गुप्ता को, पन्नालाल शर्मा सम्मान कमलेश चंद्राकर को, डॉ. हुकुमपाल सिंह विकल सम्मान अनीता सक्सेना को, श्याम उपाध्याय बाल साहित्य सम्मान डॉ. अरुणा पाठक को दिया जाएगा।

## जेके म्यूजिकल ग्रुप का 'गाता रहे मेरा दिल' संगीतमय संध्या का आयोजन

# एकल गीतों ने बांधा समां तो युगल गीतों ने किया श्रोताओं को झूमने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जे.के. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय संध्या 'गाता रहे मेरा दिल' का आयोजन शहर के पॉलिटेक्निक सभागार में किया गया। सुमधुर कार्यक्रम का कुशल संचालन भोपाल की प्रसिद्ध गायिका वाणी पुरोहित ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। एकल गीतों की श्रृंखला में प्रदीप सक्सेना ने मैं तो हर मोड़ पर, नरेश मालवीय ने हर पल चाह कर मेरा दिल, डॉ. राकेश जैन ने का करूं सजनी और महेश रुपानी ने मेरे सपनों की रानी की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं युगल (डुएट) गीतों में चाहत और जे.के ने कभी रात दिन हम दूर, डॉ. राकेश जैन और माया पवार ने हम तुम युग युग से ये गीत, तथा प्रदीप और नगमा ने दिल जाने जिगर तुझपे गाकर महफिल की रौनक में चार चांद लगा दिए।

### प्रदीप सक्सेना, नरेश मालवीय, महेश रूपानी, डॉ. राकेश जैन और माया पवार ने गीतों से लूटी महफिल




## दुष्यंत संग्रहालय में मनसुख का लोकार्पण

# संवेदनशील ह्रदय के भावों की अभिव्यक्ति है कविता




दुष्यंत कुमार संग्रहालय में कविता संग्रह 'मनसुख' के लोकार्पण करते साहित्यकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कविता स्वानताय सुखाय भले लिखी जाये परन्तु जब उसे लोक को अर्पित कर दिया तो फिर वह कवि की नहीं लोक की हो जाती है अतः कविता के केंद्र में लोक कल्याण का भाव होना आवश्यक है । यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार कुमार सुरेश के जो सुपरिचित साहित्यकार संदीप नेमा 'दीप' के सध्य प्रकाशित कविता संग्रह 'मनसुख' के लोकार्पण दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आयोजित कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

### जीवन के विविध अनुभवों की झलक दिखाती कविता

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शाहिदा परवीन शिक्षाविद एवं उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल ने कहा -'कविता केवल शब्दों का संयोजन नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है। प्रस्तुत संग्रह में जीवन के विविध अनुभवों की झलक कविता के रूप में दिखाई देती है। इस आयोजन में रचनाकार संदीप नेमा ने अपनी सृजन यात्रा के अनुभव साझा करते हुए संग्रह से कुछ चुनिंदा कविताओं का वाचन किया, जिन्हें उपस्थित श्रोताओं द्वारा खूब सराहा गया।

कूचबिहार में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी राज्य सरकार पर किया सबसे बड़ा प्रहार

# कट, कमीशन और करप्शन से पश्चिम बंगाल बेहाल, आप सभी कानून पर भरोसा रखिए, हम बदलेंगे हाल, भाजपा की सरकार में होगा पापों का हिसाब

पीएम मोदी ने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ कूचबिहार

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। पीएण मोदी ने कहा कि वेपहले भी इस मैदान पर आए हैं, लेकिन आज की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह उत्साह एक उज्ज्वल भविष्य और नए बंगाल के निर्माण का संकेत है। प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के दिन टीएमसी के गुंडे चाहे जितना डराने की कोशिश करें, आपको कानून पर भरोसा रखना चाहिए। इस चुनाव में बंगाल से डर का माहौल खत्म हो जाएगा और भाजपा की बड़ी जीत से लोगों में आत्मविश्वास जागेगा। पीएम मोदी ने कहा, 4 मई के बाद टीएमसी के पापों का पूरा हिसाब होगा। कोई भी गुंडा कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## कोने-कोने से आ रही आवाजें स्पष्ट कर रही 'परिवर्तन' तय



रैली के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते बंगाल के नेतागण

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर रैली की झलकियां साझा करते हुए लिखा कि ये तस्वीरें दिखाती हैं कि इस बार बंगाल में भाजपा के पक्ष में मजबूत लहर है। इन तस्वीरों में सिरों का एक समंदर नजर आ रहा है। बंगाल की जनता अब 'भय और भ्रष्टाचार' के शासन से मुक्ति चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'दीदी' के सिपाही अब जनता को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बंगाल के लोग अब डरने वाले नहीं हैं।

### राज्यों के हकों की सुरक्षा होगी

प्रधानमंत्री ने देश के सभी राज्यों को एक और बड़ा भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में अच्छा काम किया है, उन्हें सीटों के मामले में कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सभी राज्यों की भागीदारी और उनके अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार चाहती है कि संसद में इस बात पर पक्की मुहर लगे कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएं, ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिल सके।

### जहां जज और कानून सुरक्षित नहीं वहां जनता...

प्रधानमंत्री ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां जिस तरह न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया, उससे पूरा देश हैरान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस राज्य में जज और कानूनी प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, वहां आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? मोदी ने इसे सरकार के संरक्षण में चलने वाला जंगलराज करार दिया।

**सीएम ममता ने ईवीएम पर जताई गड़बड़ी की आशंका**

## भाजपा के सामने कोई न बिके, हर बटन की जांच भी करें



**मुर्शिदाबाद।** बंगाल में विधानसभा चुनाव सेपहले एक बार फिर ईवीएमका मुद्दा गरमाता हुआ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ममता ने ईवीएम को लेकर मुर्शीदाबाद की रैली में बूथ एजेंटों और मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की है। सभी लोग ईवीएम मशीन को अच्छे से चेक करें और जो बूथ एजेंट बनेंगे, वे अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि बंगाल के हित में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति भाजपा के सामने बिके नहीं।

### जांच करें वोट सही पड़ रहा या नहीं?

कई जगहों पर ईवीएम मशीन को खराब करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि वीवीपैट का होना जरूरी है और यह देखना चाहिए कि वोट सही तरीके से रिकॉर्ड हो रहा है।

**सरमा का पलटवार**

## हम 2 दिन में खेड़ा पर करेंगे केस



**गुवाहाटी।** सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने लिखायह कांग्रेस की गहरी हताशा और घबराहट को दिखाती है। आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित झूठ बताया। हम 48 घंटे के भीतर उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे।

**विजय के हलफनामे में खुलासा**

## टीवीके प्रमुख पर 2 आपराधिक केस



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव से पहले टीवीके प्रमुख विजय ने अपने ताजा चुनावी हलफनामे में बड़ा खुलासा किया है। पहले दाखिल हलफनामे में किसी भी आपराधिक मामले का जिक्र नहीं करने वाले विजय ने अब दो लंबित एफआईआर की जानकारी दी है।

**बेपोर में शाह के रोड शो से उत्साहित जनता बोली**

## हम चाहते हैं बदलाव, भाजपा की सरकार बने



**बेपोर।** केरल में एनडीए उम्मीदवार केपी प्रकाश बाबू के समर्थन में रोड शो के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बेपोर पहुंचे। यह रोड शो मथोट्टम बिजिथ जंक्शन से शुरू होकर नदुवट्टम और पेराचनंगड़ी जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरा। शो से पहले ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। कई लोगों ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। हम बदलाव चाहते हैं। भाजपा की सरकार बने।

**असम में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल**

## सबसे भ्रष्ट सीएम हिमंता, बब्बर शेर से डरे



**विश्वनाथ।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को असम के विश्वनाथ जिले पहुंचे थे। उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया।सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। उन्हें अभी से अपनी हार दिखाई देने लगी है। वे हमारे यहां के बब्र सेर से डरे हुए हैं। वे लगातार नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

### सत्ता में आते ही भेजेंगे जेल

राहुल ने कहा कि सरमा ने असम के संसाधनों को लूटने का काम किया है। राहुल ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल करके बड़ी गलती की है। कांग्रेस सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। जेल भेजेंगे।


## सरमा की पत्नी पर कांग्रेस के गंभीर आरोप, 3 पासपोर्ट रखे



रविवार को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरमा पर निशाना साथा, साथ ही उनकी पत्नी पर तीन-तीन देशों के पासपोर्ट होने का आरोप लगाया।

**चौधरी के बयान ने बढ़ाई सरगर्मी**

## ममता के रहते मैं भाजपा में नहीं जा सकता



**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता पर निशाना साधा है। चौधरी ने कहा कि हिंदुस्तान में ममता के रहते हुए मैं भाजपा के करीब नहीं जा सकता क्योंकि बंगाल में ममता ही भाजपा को लाई थी।

## कन्नूर जिले के 2177 केंद्रों पर कैमरों से होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कन्नूर जिले के सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर कैमरा लगाया जाएगा। 100 फीसदी वेबकास्टिंग और बूथों के बाहर कैमरे लगाने से निर्बाध और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। कन्नूर जिले में कुल 2177 मतदान केंद्र हैं।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली-देहरादून 'वे' की सौगात 14 को



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेसवे उत्तर भारत के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में मील का पत्थर साबित होगा। एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय लगभग 2.5 घंटे जाएगा। 210 किलोमीटर का यह कॉरिडोर सुगम यात्रा कराएगा।

### खरात मामलाः संपत्तियों की जांच ईडी करेगी




**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अशोक खरात के मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) होने की जांच की जाएगी। बाबा की संपत्तियों की जांच ईडी करेगी। किसी को भी इस तरह कॉल रिकॉर्ड हासिल करने का अधिकार नहीं है। यह बयान एक अहम 'चर्चा' के बाद आया है।

### गंगा स्नान के दौरान 2 दोस्त तेज बहाव में बहे



**हरिद्वार।** कोतवाली नगर क्षेत्र के दूधिया बंध में रविवार सुबह गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। स्नान करते समय दो युवक गंगा में डूब गए। पुलिस और जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

### बागेश्वर में 3.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे



**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह 11.47 बजे पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र कपकोट तहसील के कर्मी गांव के समीप जमीन के भीतर 10 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। लोगों पर असर नहीं पड़ा।

'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# लोगों की मेहनत व समर्पण को सराहा, देश के समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का उपयोग करेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान को सराहा।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह दिन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद करने और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है। समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों की मेहनत और समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कनेक्टिविटी को मजबूत बनाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत अपने समुद्री क्षेत्र की अपार संभावनाओं का उपयोग कर एक समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता रहेगा।

**भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद किया**

**इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने भी दी शुभकामनाएं**

### 21वीं सदी में भारत में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई



पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में, भारत का समुद्री क्षेत्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमने सदियों पुराने औपनिवेशिक शिपिंग कानूनों की जगह 21वीं सदी के आधुनिक और भविष्योन्मुखी कानून लागू किए हैं। ये नए कानून राज्य समुद्री बोर्डों को सशक्त बनाते हैं, सुरक्षा और स्थिरता को मज़बूत करते हैं, और बंदरगाह प्रबंधन को डिजिटल बनाते हैं।

### नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि भारत की समुद्री विरासत हमारी ताकत है और यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देश के तटीय इलाकों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है।

**अमित शाह ने कहा**

### देश के विकास को आगे बढ़ाने में रहे अहम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर भारत के समुद्री क्षेत्र के कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि शांति के समय हो या मुश्किलों भरे दौर में, देश के विकास को आगे बढ़ाने में आपके पेशेवरपन और साहस ने अहम भूमिका निभाई है। देश आपकी निष्ठा को सलाम करता है।

### दिलेर नाविकों को बधाईः पुरी



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, सदियों से भारत की समुद्री मार्गों के ज़रिए दुनिया से जुड़ने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस के मौके पर मैं साहसी और दिलेर नाविकों को बधाई देता हूं।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस की अहमियत

राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर साल 5 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन 1919 में भारत के पहले स्वामित्व वाले जहाज 'एसएस लॉयल्टी' की मुंबई से लंदन तक की पहली यात्रा की याद में मनाया जाता है। उस समय भारतीय शिपिंग ने ब्रिटिश एकाधिकार को चुनौती दी थी।

इस दिन का पहला आयोजन 1964 में किया गया था। भारत के विजन 2047 के तहत समुद्री क्षेत्र को और मजबूत बनाने की योजना है। वर्तमान में यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे 2047 तक बढ़ाकर दो अंकों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और 1 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया।

किसान सम्मान पर शिवराज का फैसला

# किसान चिंता न करें, फसलों को नुकसान की करेंगे भरपाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम किसान योजना की 23वीं किश्त जुलाई में आ सकती है। इसके पहले केंद्र सरकार ने उससे पहले ही एक बड़ा कदम उठाया है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय के अधिकारियों को कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को राज्यों के अधिकारियों से संपर्क करने और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।

### उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में फसलें क्षतिग्रस्त

उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं सहित खड़ी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में 4,053.11 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे 14,207 किसान प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यूपी का ललितपुर जिला सबसे अधिक प्रभावित है, यहां 1,650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं और 3,142 किसान प्रभावित हुए हैं। ललितपुर में मार्च में लगभग 118.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश लगभग 30.3 मिमी होती है। ललितपुर के अलावा, सहारनपुर में भी फसल का नुकसान हुआ है, जहां 11 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें पांच गांवों के लगभग 44 किसान शामिल हैं।

### पंजाब में बारिश ने किया कटाई को बाधित

पंजाब में बेमौसम भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने गेहूं की कटाई को बाधित कर दिया है, जिससे किसानों में गंभीर चिंता पैदा हो गई है राज्य के कई हिस्सों में गेहूं की फसल पक चुकी है और शेष क्षेत्रों में पकने के अंतिम चरण में है। लेकिन खेतों में अधिक बारिश के कारण कटाई में देरी हो रही है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण कटाई मशीनों को चलाना मुश्किल हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह प्रतिकूल मौसम उत्पन्न हुआ है।

ओडिशा में बढ़ा आरक्षण का दायरा

# एससी-एसटी और ओबीसी के लिए 12 से 22.5 फीसदी किया

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



ओडिशा सरकार ने राज्य में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया है। सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में आरक्षण के कोटे में वृद्धि की है। यह फैसला मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। माझी ने बताया कि एसटी छात्रों के लिए कोटा 12 से बढ़ाकर 22.50 प्रतिशत कर दिया गया है। एससी छात्रों के लिए आरक्षण 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 16.25 प्रतिशत किया गया है। ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के रूप में पहचाने जाने वाले ओबीसी छात्रों के लिए राज्य सरकार ने 11.25 प्रतिशत का आरक्षण भी शुरू किया है।

लोकसभा-विधानसभा सीटों की बढ़ोतरी पर कांग्रेस का आरोप

# यह केवल ध्यान भटकाने का हथियार और धोखा

कांग्रेस के जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि यह कदम बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को लाभ पहुंचाएगा । यह जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार है। संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री अपने पुराने पैंतरे पर हैं, भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका मकसद धोखा देना है। वह कहते हैं कि यदि लोकसभा की ताकत 50 फीसदी बढ़ाई जाती है और प्रत्येक राज्य की लोकसभा सीटों की संख्या भी 50 फीसदी बढ़ाई जाती है, तो दक्षिण भारतीय राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा।



### बजट सत्र को 3 दिन के लिए बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक चुनावी रैली में कहा था कि बजट सत्र को 3 दिन के लिए बढ़ाया गया है ताकि महिला आरक्षण कानून को 2029 से लागू किया जा सके। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा या तेलंगाना हो, में लोकसभा सीटों की संख्या में कमी नहीं आएगी।

### बिना बहस 'ताकत' बढ़ाने की बात कर रहे

जयराम ने कहा राष्ट्र गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री की एकमात्र चिंता लोकसभा और विधानसभाओं की ताकत बढ़ाने की है, वह भी बिना किसी सार्थक परामर्श और सार्वजनिक बहस के।

### ऐसे कई उदाहरण सामने आए

रमेश ने कहा यह देश की जनता को धोखा देना है, जिसमें प्रधानमंत्री को महारत हासिल है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर अभी 60 है, जो मोदी के प्रस्ताव से बढ़कर 90 हो जाएगा। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर कम से कम 61 हो जाएगा। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं। पीएम मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरन आगे बढ़ा रहे हैं जो बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ पहुंचाएगा।

# जबरन चौधरी बन रहे पाकिस्तान को इजराइल ने लताड़ा, कहा- बिलकुल भी नहीं है भरोसे के लायक

## मिडिल ईस्ट में तनाव खत्म कराने कर रहा था उछल-कूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंग का मैदान बना मिडिल ईस्ट में फिलहाल शांति होती नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि यदि होर्मुज मार्ग नहीं खोला गया तो ईरान में तबाही मचा देंगे। हालांकि इस तरह की धमकियां ट्रंप कई बार दे चुके हैं। इसी तनातनी के बीच पाकिस्तान ने चौधरी बनने की कोशिश की और शांति वार्ता कर मामले को सुलझाने का दावा किया। पाकिस्तान के दावे और और बातचीत के प्रयासों पर इजराइल ने एक झटके में पानी फेर दिया। इजराइल ने साफ तौर पर लताड़ लगाते हुए कहा कि ज्यादा चौधरी बनने की जरूरत नहीं है, पाकिस्तान खुद में एक समस्या है और वो किसी भी सूरत में समाधान नहीं करा पाएगा। इसकी बड़ी वजह ये है कि पाकिस्तान बिलकुल भी भरोसे के लायक नहीं है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश ऐसे किसी राष्ट्र पर भरोसा नहीं करेगा, जिसके साथ उसके कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने फैसले खुद लेता है और इस मामले में अमेरिका के रुख पर भी भरोसा करता है। इस तरह, एक तरफ जहां ईरान और पाकिस्तान बातचीत के जरिए समाधान की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल का अलग रुख क्षेत्रीय कूटनीति को और जटिल बना रहा है।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में बातचीत से इनकार की खबरों को गलत बताया है और पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की है। सैयद अब्बास अराघची ने उन खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने को तैयार नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि तेहरान का रुख बातचीत की शर्तों पर निर्भर करेगा। इसी बीच बीती रात अराघची ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की और आगे भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। इशाक डार ने तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों को दोहराया और कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही संभव है।बातचीत से पहले सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिकी मीडिया ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी भी इस्लामाबाद जाने से इनकार नहीं किया और पाकिस्तान के प्रयासों के लिए वह आभारी है। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान ने आखिरी समय में इस्लामाबाद में बातचीत से पीछे हट गया। इन खबरों के सामने आने के बाद ही ईरानी विदेश मंत्री ने सफाई दी। अराघची के इस बयान पर इशाक डार ने जवाब देते हुए कहा, आपकी सफाई के लिए धन्यवाद, जिससे दोनों देशों के बीच सकारात्मक संवाद का संकेत मिला।

**ईरान ने पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की लेकिन इजराइल ने साफ मना कर दिया**

**इस्लामाबाद में शांति वार्ता के प्रयास हुए थे, लेकिन बातचीत ही सफल नहीं हो पाई**


सैयद अब्बास अराघची


शहबाज खान


नेतन्याहू

### तनाव के बीच जारी कूटनीति

*ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात को 37 दिन हो चुके हैं और अब तक युद्धविराम के कोई संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान लगातार मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। सैयद अब्बास अराघची ने बातचीत में अमेरिका और इजराइल को क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। वहीं, इशाक डार ने फिर दोहराया कि शांति का रास्ता केवल बातचीत से ही निकलेगा और सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए।*

## ट्रंप खुद की खुद से कर रहे तारीफ, बताया अमेरिकी पायलट का रेस्क्यू का पूरा हाल

### ट्रंप ने बताय हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा था



मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच बीते दिनों ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ-15ई जेट को मार गिराया। इस दौरान फाइटर जेट का एक पायलट सुरक्षित बच गया, जबकि दूसरा लापता हो गया। जिसको लेकर अमेरिकी सेना बचाव अभियान चला रही थी। इस बीच ट्रंप ने पुष्टि की है कि ईरान में लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टुथ सोशल पर किए पोस्ट में लिखा, हमने उसे बचा लिया! मेरे प्यारे अमेरिकी साथियों, पिछले कुछ घंटों में, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह अभियान हमारे एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था, जो एक बेहद सम्मानित कर्नल भी हैं, और मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वह अब पूरी तरह सुरक्षित और सही-सलामत हैं। ट्रंप ने बताया कि हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा हुआ था, और हमारे दुश्मन उसका लगातार पीछा कर रहे थे। ईरानी सैनिक हर घंटे उसके और करीब आते जा रहे थे। लेकिन वह कभी भी सचमुच अकेला नहीं था, क्योंकि उसके कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन और उसके साथी योद्धा दिन-रात 24 घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे, और उसे बचाने के लिए पूरी लगन से योजना बना रहे थे। ट्रंप ने कहा कि मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दर्जनों विमान भेजे, जो दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस थे।

### सैन्य इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

ट्रंप ने अमेरिकी सेना द्वारा चलाए गए इस बचाव अभियान को चमत्कारी बताया। ट्रंप ने कहा कि हमने कल पुष्टि नहीं की थी, क्योंकि हम अपने दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। सैन्य इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से, अलग-अलग अभियानों में बचाया गया है। ट्रंप ने बताया कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। हमने इन दोनों अभियानों को बिना किसी एक भी अमेरिकी सैनिक के मारे जाने या घायल हुए बिना सफलतापूर्वक पूरा किए हैं। हमने ईरान के आसमान में अपना हवाई वर्चस्व और श्रेष्ठता हासिल कर ली है। यह एक ऐसा पल है, जिस पर सभी अमेरिकियों- चाहे वे रिपब्लिकन हों, डेमोक्रेट हों या कोई और सभी को गर्व महसूस करना चाहिए और एकजुट होना चाहिए। हमारे पास सचमुच दुनिया के इतिहास की सबसे बेहतरीन, सबसे पेशेवर और सबसे घातक सेना है। ईश्वर अमेरिका की रक्षा करे, ईश्वर हमारे सैनिकों की रक्षा करे।

### अराघची ने बुशहर प्लांट के पास हमले की निंदा की, कहा नतीजे घातक होंगे

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास अमेरिका-इजराइल हमले की निंदा की और पश्चिम एशिया इलाके के लिए इसके खतरनाक नतीजों की चेतावनी दी। इससे पहले, तेहरान ने पुष्टि की कि ईरान के इकलौते ऑपरेशनल न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई और साइट पर एक बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथा ऐसा हमला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, अराघची ने कहा, इजराइल-अमेरिका ने अब तक हमारे बुशहर प्लांट पर चार बार बमबारी की है। रेडियोएक्टिव फॉलआउट जीसीसी की राजधानियों में जिंदगी खत्म कर देगा, तेहरान में नहीं। ईरान की सेमी-ऑफिशियल तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, स्ट्राइक से प्लांट में ऑपरेशन में कोई रुकावट नहीं आई, क्योंकि इसके मुख्य हिस्से सही-सलामत हैं।

### ईरान अमेरिका को पहुंचा रहा नुकसान

# ईरान बोला- दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए


ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के मलबे की तस्वीर शेयर की

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 2 हेलिकॉप्टर और 2 ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए। इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई, जब अमेरिकी सेना अपने पायलट को रेस्क्यू करने की कोशिश कर रही थी। आईआरजीसी का कहना है कि इस ऑपरेशन के दौरान उसने 2 सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान और 2 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर को तबाह कर दिया, जिससे अमेरिकी रेस्क्यू मिशन नाकाम हो गया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगे।

**रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने खुद जलाए, तकनीक चोरी होने का डर था**

### ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रंप ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

## ट्रंप की धमकी के बीच ओमान और ईरान की बैठक, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया प्लान..?

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच बड़ी खबर सामने आई है। ओमान और ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में आवागमन को सुचारू बनाने के लिए उच्चस्तरीय बैठक की है। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के उप-मंत्रियों के स्तर पर शनिवार को बैठक हुई। इस बैठक में होर्मुज स्ट्रेट से सुगम और निरंतर नौवहन सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर विभिन्न दृष्टिकोण और व्यावहारिक प्रस्ताव रखे, जिनका आगे अध्ययन किया जाएगा। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का समय दिया है। ओमान के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया कि ओमान सल्तनत और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बीच विदेश मंत्रालयों के उपमंत्रियों के स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। विदेश मंत्रालय के ट्वीट के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को हुई इस बैठक में दोनों देशों के विशेषज्ञ भी शामिल थे। बैठक का मुख्य विषय क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों के बीच होर्मुज में ट्रांजिट सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा करना था। इसमें आगे बताया गया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने कई दृष्टिकोण और प्रस्ताव पेश किए, जिन्हें आगे अध्ययन किया जाएगा। ओमान के विदेश मंत्रालय ने इस बैठक को दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री मार्गों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। बता दें कि यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्रीय संघर्ष के कारण विश्व का यह महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग प्रभावित हो रहा है ।

## खबर संक्षेप

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित की



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि विमानन कंपनी ने नई दिल्ली-तेल अवीव मार्ग पर 31 मई तक उड़ानें निलंबित कर दी हैं। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इजराइल, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना इजराइल में रह रहे 40,000 से अधिक भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से या क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण ईरान से निकलना चाहते हैं। इजराइल छोड़ने के इच्छुक भारतीयों को जमीनी सीमा के जरिये जॉर्डन या मिस्र होकर जाना पड़ रहा है।

### पिछले साल उर्वरकों का कुल स्टॉक 147 लाख टन था इस साल बढ़कर 180 लाख टन है

# खाद संकट पर सख्त पहरा: 20 देशों से आपूर्ति का जाल, सरकार का युद्धस्तर पर अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र प्रमुख हैं। ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक समीकरणों के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति में अनिश्चितता पैदा हुई है, जिसका सीधा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा है। नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति सिमटने लगी है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। देश में खरीफ की बुवाई का समय निकट आने के साथ ही उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस परिस्थिति को देखते हुए भारत ने समय रहते वैकल्पिक स्रोतों की तलाश तेज कर दी है। सरकार ने नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बहुपक्षीय वार्ताओं की शुरुआत की है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

**खरीफ 2026 के लिए उर्वरक की आवश्यकता लगभग 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी**

**उर्वरकों के लिए दुनिया के 20 देशों में भारतीय राजदूत मुस्तैदी से कर रहे काम**

**देश के 652 जिलों में उर्वरक की बिक्री पर कड़ी निगरानी**



### दूतावासों की निर्णायक भूमिका

*करीब 20 देशों में स्थित भारतीय दूतावास इस संकट से निपटने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। ये दूतावास स्थानीय उर्वरक कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत को आवश्यक मात्रा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट समय पर उपलब्ध हो सके। यह कूटनीतिक सक्रियता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।*

### पारंपरिक आपूर्ति तंत्र में व्यवधान

*अब तक पश्चिम एशियाई क्षेत्र भारत की उर्वरक जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पूरा करता रहा है। यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट और एलएनजी की आपूर्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा इसी क्षेत्र से आता रहा है। लेकिन वर्तमान संकट ने इस स्थापित तंत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे भारत को नए स्रोतों की तलाश करनी पड़ रही है। यह बदलाव दीर्घकालिक रणनीतिक पुनर्संतुलन का संकेत भी देता है।*

### रूस के साथ सहयोग से मिली राहत

*रूस ने भारत की उर्वरक जरूरतों को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया गया कि खनिज उर्वरकों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है और भविष्य में भी सहयोग जारी रहेगा। यह भरोसा भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे तत्काल संकट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और दीर्घकालिक साझेदारी को भी मजबूती मिलेगी।*

### संयुक्त उद्यम से आत्मनिर्भरता की ओर

*उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने संयुक्त उद्यमों पर भी जोर दिया है। एक बड़े निवेश के साथ प्रस्तावित यूरिया संयंत्र का लक्ष्य आने वाले वर्षों में घरेलू उत्पादन को बढ़ाना है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी बल्कि लागत में भी कमी आएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र की स्थिरता के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।*

### राजनाथ सिंह की बात से बौखलाया पाकिस्तान

## आसिफ ने कोलकाता पर हमला करने की दे डाली गीदड़ भभकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से लगातार मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर से गीदड़भभकी दी है। ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भविष्य में भारत की ओर से किसी भी प्रकार के दुस्साहस की कोशिश का जवाब कोलकाता पर हमले से दिया जाएगा। ख्वाजा आसिफ का यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मौजूदा स्थिति में भारत के पड़ोसी देश की किसी भी दुस्साहस पर अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा, अगर भारत इस बार कोई भी कदम उठाता है, तो हम उसे कोलकाता तक ले जाएंगे।' उन्होंने दावा किया कि ऐसी खबरें हैं कि उनके अपने आदमियों के जरिए या पाकिस्तानियों के जरिए झूठा अभियान चलाया गया है, जिसमें कुछ शवों को कहीं लिटाकर यह कहा गया है ।



### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त, अरबों का नुकसान

*भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य और आर्थिक क्षति हुई है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 6 लड़ाकू विमानों और 2 अवैकस को मार गिराया, जिससे उसकी वायु क्षमता 20% तक कम हो गई।आतंकी ठिकानों पर हुए सटीक हमलों में 100 से अधिक आतंकी और उनके टॉप कमांडर ढेर हो गए। आर्थिक मोर्चे पर पाकिस्तान को लगभग 1.5 बिलियन डॉलर का घाटा झेलना पड़ा है। रडार साइट्स और एयरबेस तबाह होने से उसकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भारत के इस कड़े प्रहार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की आतंकी नीतियों को बेनकाब कर दिया है।*

### शिक्षा, रोजगार और जीडीपी को आधार माना

## दुनिया के सबसे दुखी देश, भारत का एक पड़ोसी है टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड हैपियस्ट रिपोर्ट-2026 के मुताबिक अफगानिस्तान दुनिया का सबसे दुखी देश है। इस लिस्ट में कुल 146 देशों को शामिल किया गया है। शिक्षा, रोजगार, घरेलू उत्पादन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपराध के मानकों को ध्यान में रखते हुए यह लिस्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अफगानिस्तान में शिक्षा और रोजगार बड़ी चुनौती हैं।

इसके अलावा महिलाओं को स्वतंत्रता नहीं मिली है। तालिबान शासन में लोग मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी दोनों का सामना कर रहे हैं। देश की ज्यादातर आबादी अभावों में गुजारा कर रही है। दूसरे नंबर और तीसरे नंबर पर सिएरा लियोन और मालावी है। ये दोनों ही अफ्रीकी देश हैं। यहां इतनी गरीबी है कि लोगों को दो जून की रोटी मिलनी भी मुश्किल हो जाती है। इसके अलावा इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता चरम पर है। ऐसे में लोगों के जनजीवन पर इसका काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मलावी में गरीबी इतनी ज्यादा है कि शिक्षा और रोजगार की बहुत सारे लोग अपेक्षा ही नहीं करते हैं। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से अपराध भी बहुत ज्यादा है। इस लिस्ट में चौथा



नाम जिम्बॉब्वे का है। राजनीतिक अस्थिरता, महंगाई और गरीबी की वजह से इस देश को दुखी देशों में शामिल किया गया है इस कड़ी में पांचवां ने बोत्सवाना का है। बोत्सवाना में बी शिक्षा और राजगार की दशा बहुत खराब है। यमन दुखी देशों में छठे नंबर पर है। यहां एक भाग पर हूती विद्रोहियों का कब्जा है। इसके अलावा राजनीतिक अस्थिरता की वजह से यहां भी जनता पिसती रहती है। यमन के बाद हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का अड्डा बन चुके लेबनान का भी लिस्ट में अगला नाम है। इसके बाद डीआरसी, एजिप्ट, तंजानिया, एस्वातिनी, कोमोरोस और एथियोपिया का नंबर आता है।

### ग्रीन आशा लेकर आ रहा है 20 हजार मीट्रिक टन एलपीजी

# एलपीजी पर बड़ी खुशखबरी! भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने पार किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

**पहले तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की गई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलपीजी के मोर्चे पर देश के लिए खुशखबरी है। भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने ईरान के पास मौजूद संकरे समुद्री रास्ते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव शुरू होने के बाद, यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकलने वाला भारत का नौवां जहाज है।

ईरान ने अमेरिका, इजराइल से युद्ध शुरू होने के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। दुनिया के एनर्जी सेक्टर के लिए यह रास्ता काफी अहम है, क्योंकि विश्व में होने वाले पेट्रोलियम के कुल व्यापार में से 20 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रीन आशा एक एलपीजी टैंकर है



और बढ़ते जोखिमों के बावजूद इसका सफलतापूर्वक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करना, इस क्षेत्र पर भारत की निरंतर निर्भरता को दर्शाता है। दरअसल, इस तनाव ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, जिससे दुनिया के ऊर्जा बाजार कठिन चुनौती से गुजर रहे हैं। समुद्री आंकड़ों से पता चलता है कि इस मार्ग का उपयोग करने वाले लगभग 60 प्रतिशत मालवाहक जहाज या तो ईरान से आ रहे हैं या ईरान के लिए ही जा रहे हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय जहाजों की गतिविधि अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।ग्रीन आशा की यात्रा से पहले, कम से कम आठ भारतीय जहाज इस मार्ग से गुजर चुके थे। इनमें एलपीजी वाहक बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल थे, जिन्होंने संघर्ष क्षेत्र से लगभग 94,000 टन माल का परिवहन किया। मार्च के अंत में, पाइन गैस और जग वसंत सहित चार भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकरों ने तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की।

### 80,000 टन से अधिक कच्चे तेल का परिवहन किया

*इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी ने मार्च के मध्य में गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों तक लगभग 92,700 टन एलपीजी पहुंचाई थी।अन्य शिपमेंट में कच्चा और ईंधन शामिल थे। तेल टैंकर जग लाडकी ने संयुक्त अरब अमीरात से मुंद्रा तक 80,000 टन से अधिक कच्चे तेल का परिवहन किया, जबकि जग प्रकाश ने ओमान से अफ्रीकी बाजारों के लिए गैसोलीन ले जाते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार किया। एक अन्य एलपीजी वाहक, ग्रीन सानवी ने भी हाल ही में लगभग 46,650 मीट्रिक टन कार्गो के साथ अपनी यात्रा पूरी की।*



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# इतिहास के पन्नों को पलटा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।



# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।





# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्रराम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

## टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल में दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*

**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।



# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।


## फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :*** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :*** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।



# आरसीबी ने बनाया बड़ा स्कोर, डेविड ने 280 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रन से शिकस्त दी।

यह सीएसके की लगातार तीसरी हार है, जिसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आरसीबी ने डेविड और पडीक्कल के अलावा कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन और फिल सॉल्ट की 46 रन की पारी से 3 विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार की 19 गेंद की पारी में एक चौका और छह छक्के जड़े थे। सॉल्ट ने 30 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के जमाए।

### शीर्ष क्रम के चरमराने से उबर नहीं सकी सीएसके

सीएसके की टीम शीर्ष क्रम के चरमराने से उबर नहीं सकी और सरफराज खान के 50 रन के बावजूद 19.4 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। उसके लिए सरफराज के अलावा प्रशांत वीर ने 43 रन और जेमी ओवरटन ने 37 रन बनाए। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकब डफी, कृणाल पंड्या और अभिनंदन सिंह ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। सूयश शर्मा को एक विकेट मिला।

## आरसीबी ने सीएसके को 43 रन से हराया




### आरसीबी ने बनाया छक्कों का नया रिकॉर्ड

आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ आईपीएल में छक्कों का नया रिकॉर्ड बना दिया है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने सीएसके के खिलाफ इस मुकाबले में कुल 19 छक्के लगाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। केकेआर ने साल 2018 और 2020 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक मुकाबले में 17 छक्के लगाए थे। आरसीबी के बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में चौकों से ज्यादा छक्के लगाए। टीम के बल्लेबाजों ने सीएसके के खिलाफ इस मुकाबले में 14 चौके और 19 छक्के लगाए।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे | 46 | 30 | 3 | 2 |
| विराट कोहली का दुबे बो कंबोज | 28 | 18 | 2 | 1 |
| देवदत्त पडीक्कल बो ओवरटन | 50 | 29 | 5 | 2 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 48 | 19 | 1 | 6 |
| टिम डेविड नाबाद | 70 | 25 | 3 | 8 |

**अतिरिक्त : 08 कुल : 20 ओवर में तीन विकेट पर 250 रन**

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1,नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1 , दुबे 2-0-30-1.

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का पडीक्कल बो डफी | 09 | 5 | 0 | 1 |
| गायकवाड का पडीक्कल बो डफी | 07 | 3 | 0 | 1 |
| म्हात्रे का पाटीदार बो कुमार | 01 | 3 | 0 | 0 |
| सरफराज स्ट जितेश बो पंड्या | 50 | 25 | 8 | 2 |
| कार्तिक का अभिनंदन बो पंड्या | 06 | 3 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो अभिनंदन | 18 | 13 | 2 | 1 |
| प्रशांत वीर का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 43 | 29 | 6 | 1 |
| ओवरटन का सब बो सुयश | 37 | 16 | 4 | 2 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 19 | 12 | 1 | 1 |
| अहमद का कोहली बो भुवनेश्वर | 08 | 8 | 0 | 1 |
| हेनरी का सॉल्ट बो अभिनंदन | 02 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त : 07 कुल : 19.4 ओवर में 207 रन पर सभी आउट**

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-58-2, भुवनेश्वर 4-0-41-3, अभिनंदन 3.4-0-30-2, कृणाल पंड्या 3-0-36-2, सूयश शर्मा 4-0-21-1 , शेफर्ड 1-0-19-0.

### आरसीबी के लास्ट 5 ओवरों में 97 रन

आरसीबी ने 15 ओवरों में 3 विकेट खोकर 153 रन बना लिए थे। इसके बाद पाटीदार (नाबाद 48) ने टिम डेविड (नाबाद 70) के साथ अंतिम 5 ओवरों में बगैर कोई विकेट गंवाए 97 रन जुटाए। 97 रन किसी भी आईपीएल पारी के 16-20 ओवरों में किसी टीम की ओर से बनाया गया संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले साल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इतने ही रन बनाए थे।

## खबर संक्षेप



### अरामको गोल्फ चैंपियनशिप : शीर्ष 20 में अदिति अशोक

**लास वेगास।** अदिति अशोक तीसरे दौर में चार ओवर 76 के खराब प्रदर्शन के साथ अरामको गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर खिसक गईं। तीन दौर के बाद अदिति का कुल स्कोर पांच ओवर है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स ने तीसरे दौर में छह ओवर 78 जबकि अवनी प्रशांत ने नौ ओवर 81 का स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 13 ओवर जबकि अवनी का 16 ओवर है। दोनों क्रमशः संयुक्त 69वें और संयुक्त 73वें स्थान पर चल रही हैं। इससे पहले दीक्षा डागर कट हासिल करने में नाकाम रहीं थी। अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन ने तीसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बरकरार रखी है।

### कोचर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवें पोजीशन पर रहे



**चीबा।** भारत के करणदीप कोचर चौथे दौर के अंतिम लम्हों में बर्डी की हैट्रिक लगाकर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने अंतिम होल में ईगल के साथ खिताब जीता। कोचर ने अंतिम दिन बोगी रहित प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की और कुल 12 अंडर 272 का स्कोर बनाया। वह खिताब जीतने वाले स्मिथ से तीन शॉट पीछे रहे।

### अल गौना स्क्वाश में जीते अभय सिंह अनाहत बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने मिस्र के अल गौना में चल रही पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अल गौना ओपन के पुरुषों के एकल वर्ग के पहले दौर में मेजबान देश के दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबोउ एलीनन को 3-2 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने एलीनन के खिलाफ जीत हासिल की। अब अभय का सामना मिस्र के ही छठे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा। इस बीच महिला एकल में दुनिया की 20वें नंबर की अनाहत सिंह को मिस्र की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हानिया अल हम्मामी ने पहले दौर में हरा दिया।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

# पंत की शानदार पारी, लखनऊ ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त

**सनराइजर्स ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाए**

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। एसआरएच को 9 विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद एलएसजी ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर जीत हासिल की। कप्तान ऋषभ पंत ने एलएसजी के लिए 50 गेंदों में सबसे ज्यादा 68 रन की नाबाद पारी खेली। एडेन मारक्रम ने 45 रन का योगदान दिया। एसआरएच के लिए हर्ष दुबे ने दो, जबकि इशान मलिंगा और शिवांग कुमार ने एक-एक विकेट लिया।

### मोहम्मद शमी ने तोड़ा जहीर खान का रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्या कमाल की गेंदबाजी की। शमी ने हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 9 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए और उनका इकॉनामी रेट 2.20 का रहा। शमी ने अपने दोनों विकेट पावरप्ले के दौरान लिए और वो अब आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और जहीर खान से आगे निकल गए। शमी ने आईपीएल में अब तक पावरप्ले में कुल 54 विकेट लिए हैं जबकि जहीर खान ने कुल 52 विकेट लिए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने कुल 79 विकेट लिए हैं जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद ट्रेंट बोल्ट 72 विकेट ले चुके हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दीपक चाहर हैं, जिन्होंने 67 विकेट लिए हैं जबकि चौथे नंबर पर 62 विकेट के साथ संदीप शर्मा मौजूद हैं। उमेश यादव इस लिस्ट में 58 विकेट के साथ 5वें स्थान पर हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने रचा इतिहास

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज भले ही कमाल नहीं कर पाए हो लेकिन फिर भी टीम ने इतिहास रच दिया। दरअसल, इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद ने 156 रन बना दिए। इसके साथ ही हैदराबाद के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड हो गया है। आईपीएल के इतिहास में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गिरने के बाद इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली हैदराबाद पहली टीम बन गई है। इससे पहले आईपीएल में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाने के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम था।



### नीतीश-क्लासेन के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड

26 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाई। यह आईपीएल इतिहास में एसआरएच की ओर से पांचवें विकेट या उससे निचले क्रम के बल्लेबाजों द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। क्लासेन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, नीतीश भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 33 गेंदों में 56 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मारक्रम बो शमी | 07 | 8 | 1 | 0 |
| अभिषेक का सिद्धार्थ बो शमी | 00 | 2 | 0 | 0 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 | 4 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | 14 | 24 | 0 | 1 |
| क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 | 41 | 5 | 2 |
| रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 | 33 | 3 | 5 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 | 4 | 1 | 0 |
| पटेल रन आउट पंत | 04 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05 कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 156 रन

**गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2,

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 | 27 | 6 | 2 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 | 12 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 | 50 | 9 | 0 |
| बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 | 9 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 | 4 | 0 | 0 |
| समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 | 12 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 02 कुल योग: (19.5 ओवर में पांच विकेट पर) 160 रन

**गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1.

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# मीनाक्षी और जैसमीन की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| उलानबटोर




मीनाक्षी हुड्डा और जैसमीन लम्बोरिया के समीफाइनल में पहुंचने से भारतीय महिला मुक्केबाजों का एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा।

इन दोनों की जीत के साथ ही भारतीय महिला दल के सभी मुक्केबाजों का पदक पक्का हो गया है। मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की युका सादामात्सु को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। उन्होंने मुकाबले के दौरान बेहतरीन संयोजन और रिंग पर नियंत्रण का प्रदर्शन किया।जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग में चीन की जियी चेन को 5-0 के समान अंतर से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पुरुष वर्ग में भी भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। लोकेश (85 किग्रा) ने कोरिया के गिचाए किम को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। इसके बाद आकाश (75 किग्रा) ने तुर्कमेनिस्तान के यहलास बगत्यारोव को 5-0 से हराया, जबकि हर्ष चौधरी (90 किग्रा) ने किर्गिज गणराज्य के तिनिस्तान अलीबायेव को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत के अब पुरुष वर्ग में कुल छह मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। अंकुश को हालांकि 80 किग्रा वर्ग में जॉर्डन के हुसैन इशाइश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# टॉमी पॉल ने रचा इतिहास, पहली बार एटीपी क्ले फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने ह्यूस्टन में यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांसिस टियाफो को हराकर अपने पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-6(7) से जीत हासिल की।

■ पॉल ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया

इस जीत के साथ, पॉल ने ह्यूस्टन में एटीपी 250 इवेंट में लगातार चौथे चैंपियनशिप मैच में पहुंचने की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। मैच लगभग दो घंटे और 45 मिनट तक चला। मैच की शुरुआत पॉल ने बेहतरीन खेल से की और पहला सेट 7-5 से जीत लिया। टियाफो ने दूसरे सेट में जल्दी ब्रेक लेकर मुकाबले में वापसी की और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच के दौरान 90 मिनट की बारिश की देरी ने पॉल के मोमेंटम को थोड़ा बाधित किया, लेकिन उन्होंने फिर भी मजबूती दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट बचाया और सेट को अपने पक्ष में किया।



### टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला : पॉल

पॉल ने मैच के बाद कहा, जब मुझे जरूरत थी, मैंने अच्छा खेला। यह टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला था। वह हमेशा देखने में सबसे एंटरटेनिंग खिलाड़ियों में से रहे हैं। मुझे खुशी है कि हमें यह मैच यहां खेलने का मौका मिला।

### वैशाख ने किया 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से प्रभावित

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था, जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है।

# आईएसएसएफ विश्व कप : दबदबा कायम करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| ग्रेनाडा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे।



■ आज से शुरू होगी स्पर्धा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा।

### मनु भाकर और सम्राट राणा की खलेगी कमी

टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे

## बार्सिलोना की एटलेटिको मैड्रिड पर जीत



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रियाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सिलोना की स्थिति और मजबूत कर दी। बार्सिलोना और एटलेटिको चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सिलोना के रॉबर्ट ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सिलोना की यह नौ मैच में 8वीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है।

## मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को दी शिकस्त



**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्प्टन ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में सिटी के खिलाफ हार के बाद आर्सेनल ने 85वें मिनट में गोल गंवाकर साउथम्प्टन को जीत दर्ज करने का मौका दिया और संभवतः एक और खिताब जीतने का मौका गंवा दिया। दूसरी तरफ सिटी के पास मौजूदा सत्र में दोहरा खिताब जीतने का शानदार मौका है।

## बार्यन म्यूनिख ने फ्रीबर्ग को हराया



**म्यूनिख।** लेनार्ट कार्ल ने अतिरिक्त समय के नौवें मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख को फ्रीबर्ग पर 3-2 से जीत दिलाई और टीम को बुंदेसलीगा फुटबॉल खिताब की दौड़ में शीर्ष पर बनाए रखा। फ्रीबर्ग 81वें मिनट तक 2-0 से आगे था, लेकिन बायर्न के युवा मिडफील्डरों ने मैच का रुख बदल दिया। टॉम बिशॉफ ने लंबी दूरी से दो गोल किए जबकि 18 साल के कार्ल ने अल्फांसो डेविस के क्रॉस पर गोल दागकर बायर्न की जीत तय की। शीर्ष पर चल रहे बायर्न के इस जीत से 28 मैच में 73 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे बोरुसिया डोर्टमंड पर नौ अंक की बढ़त बना रखी है।




# रामगढ़ा में जमीन के विवाद में किसान की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या

## वारदात के बाद आरोपी पिता पुत्र हुए मौके से फरार

## पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा आरोपियों की तलाश की तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव रामगढ़ा में रविवार शाम पिता पुत्र ने मिलकर किसान की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने किसान का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या करने वाले पिता पुत्र की तलाश कर रही है। हत्या की वजह जमीनी विवाद सामने आया है।

पुलिस के अनुसार राजेश जोगी (40) गांव रामगढ़ा में रहते थे। घर से उनका खेत दूर है। रविवार शाम वह अकेले खेत पर गए हुए थे। इस दौरान बगल के खेत वाले उत्तम गुर्जर और उसके पिता दयाराम गुर्जर से राजेश का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उत्तम और दयाराम ने मिलकर लाठी डंडे से राजेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में राजेश को सिर हाथ पैर और पूरे शरीर में गंभीर चोट थी। मारपीट से घायल राजेश जोगी खेत में घायल अवस्था में पड़े रहे। एक अन्य खेत वाले किसान ने राजेश जोगी को खेत में घायल अवस्था में देखा था। इसके बाद राजेश के भाई को सूचना दी। राजेश का भाई खेत पर पहुंचा और उसे लेकर अस्पताल गया।

### पड़ोस में रहने वाले उत्तम गुर्जर से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था

*वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद राजेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई की राजेश का पड़ोस में रहने वाले उत्तम गुर्जर से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम भी जमीनी विवाद को लेकर उत्तम गुर्जर और राजेश जोगी विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उत्तम गुर्जर और उसके पिता दयाराम ने मिलकर राजेश की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी।*

## सरकार और संगठन में होने वाली नियुक्तियों पर हुआ मंथन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री शिवराज और हेमंत के साथ की ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार और संगठन के काम-काज, समन्वय और की जाने वाली नियुक्तियों को लेकर लगातार विचार विमर्श कर रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन के साथ उनकी सतत बैठकें हो रही हैं। इसी के तहत उन्होंने दिल्ली में प्रदेश के सांसदों को डिनर पर बुलाया और सरकार के काम-काज को लेकर चर्चा कर उनके सुझाव लिए। शनिवार को अपरान्ह प्रदेश में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भी उनकी लंबी चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे। सीएम हाउस में आधे घंटे से भी ज्यादा समय तक चली इस बैठक में सरकार में की जाने वाली राजनीतिक नियुक्तियों पर भी शिवराज के सुझाव लिए गए। खबर है कि इसके लिए केंद्रीय मंत्री चौहान ने अपने कुछ लोगों के नाम दिए हैं और उनका ख्याल रखने के लिए कहा है। हालांकि शिवराज मुख्यमंत्री डॉ यादव को रायसेन में 11 अप्रैल से होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले का आमंत्रण देने और उसकी तैयारी पर चर्चा करने गए थे।

सरकार द्वारा की जाने वाली गेहूं की खरीदी पर विचार विमर्श

रायसेन में 11 अप्रैल से होने वाले कृषि मेले की तैयारी पर चर्चा



### गेहूं खरीद में हो रहे विलंब पर हुआ विचार

बैठक में गेहूं खरीदी में हो रही देरी और कांग्रेस द्वारा इसे मुद्दा बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि गेहूं की खरीद में विलंब से किसानों में गलत मैसेज जा रहा है। कांग्रेस उन्हें बरगलाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि वारदानों की कमी के कारण सरकार खरीद को लगातार टाल रही है। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच तय हुआ कि गेहूं की सरकारी खरीद जल्द चालू की जाएगी और किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। दोनों नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। उन्हें कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

### रायसेन में होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले पर चर्चा

*केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में रायसेन में 11 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले पर भी तीनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और समापन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करने वाले हैं। कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और अधिकारी यहां किसानों से सीधे संवाद करेंगे और समस्याओं का समाधान बताएंगे। किसानों को सरकार की नीतियों की जानकारी भी दी जाएगी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल को कार्यक्रम में आने के लिए विधिवत आमंत्रित किया।*




### नरोत्तम के लिए क्या यह 'संजीवनी' ?

प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती के खिलाफ कोर्ट का फैसला कांग्रेस के लिए दूसरा बड़ा झटका है। राजेंद्र पर लगे इस ग्रहण से पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की लॉटरी खुल सकती है। विधानसभा सचिवालय ने फुर्ती दिखाते हुए भारती की सदस्यता समाप्त कर दी है।

इससे पहले ग्वालियर हाईकोर्ट ने विजयपुर सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन शून्य घोषित कर दूसरे नंबर पर रहे भाजपा के राम निवास रावत को विधायक घोषित कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने मल्होत्रा की विधायकी बहाल कर दी। यदि हाईकोर्ट ने दिल्ली की अदालत के फैसले पर रोक लगा दी तो राजेंद्र की विधायकी बच सकती है और नरोत्तम के हाथ राम निवास जैसी निराशा। पर यदि राहत न मिली तो नरोत्तम के लिए यह संजीवनी का काम कर सकती है। हालांकि उन्हें उप चुनाव लड़ कर जीतना होगा।

### कांग्रेस के लिए खतरे में पड़ती जा रही राज्यसभा सीट?

राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त होने से कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। वजह मई में संभावित राज्यसभा के चुनाव भी हैं। वर्तमान मे कांग्रेस के पास 65 विधायक हैं।

इनमें से विजयपुर के मुकेश मल्होत्रा के पास वोट डालने का अधिकार नहीं है। अब राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त हो चुकी है। यदि इन्हें हाईकोर्ट से राहत न मिली तो कांग्रेस के 63 विधायक बचेंगे। बीना की निर्मला सप्रे पहले से भाजपा के पाले में हैं। उनके कम होने पर कांग्रेस के पास बचे कुल 62 विधायक। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 विधायकों की जरूरत है। इस लिहाज से कांग्रेस के पास अब भी एक सीट के लिए पर्याप्त संख्या है, लेकिन भाजपा यदि कांग्रेस के कुछ विधायकों को अनुपस्थित कराने या क्रॉस वोटिंग कराने में कामयाब हो गई तो कांग्रेस की राज्यसभा सीट खतरे में पड़ सकती है। भाजपा की नजर कांग्रेस के कई असंतुष्ट विधायकों पर है।

कांग्रेस में लंबे समय तक रहे सुरेश पचौरी को तीसरा राज्यसभा प्रत्याशी बना कर भी भाजपा दांव खेल सकती है। यह भी संभव है कि नरोत्तम मिश्रा को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेला जाए।

### जंबो टीम बनाकर भाजपा ने साधे कई समीकरण

पहली बार प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग की जंबो टीम घोषित हुई है। भाजपा मीडिया विभाग की टीम में 89 नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें 33 प्रदेश प्रवक्ता, 41 मीडिया पैनलिस्ट और 9 प्रदेश सह मीडिया प्रभारियों के साथ 6 मीडिया विभाग के सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

हालांकि बड़ी टीम बना कर पार्टी नेतृत्व ने कई समीकरण साधे हैं। पहला यह कि नियुक्तियों के इंतजार में बैठे ज्यादा नेताओं को संतुष्ट करने की कोशिश की गई है। दूसरा, इनमें कई ऐसे नेता हैं जो निगम-मंडलों, आयोगों के साथ मंत्रिमंडल में शामिल होने के दावेदार थे। मीडिया विभाग में पद मिलने के साथ उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो गई। प्रदेश के 10 विधायकों को भी प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। तीसरा, पार्टी ने नियुक्तियों में प्रदेश के हर क्षेत्र, वर्ग का ध्यान रख कर संतुलन बनाने की कोशिश की है।

### कमलनाथ के बयान के निकाले जाने लगे निहितार्थ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के एक बयान ने एलपीजी संकट पर पार्टी के स्टैंड की हवा निकाल दी। इस बयान के निहितार्थ तलाशे जाने लगे हैं। कमलनाथ और उनके बेटे में से किसी के भाजपा में जाने की अटकलें लगने लगी हैं। कमलनाथ ने पार्टी लाइन से अलग हट कर कह दिया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कमलनाथ के बयान से भाजपा खुश है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कमलनाथ ने एलपीजी को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस के आरोपों की पोल खोल दी है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नेतृत्व से संपर्क को लेकर कमलनाथ की निष्ठा पहले से ही संदिग्ध है।

### राजनीति में ऐसे भी बदला जाता है रंग

राजनीति में रह कर कितने रंग बदले जा सकते हैं, इसका उदाहरण हैं बीना विधायक निर्मला सप्रे। इन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। वे भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी की बैठकों में भी शामिल हुईं लेकिन उन्होंने कांग्रेस भी नहीं छोड़ी। निर्मला की सदस्यता दलबदल कानून के तहत समाप्त करने को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पहले विधानसभा अध्यक्ष और इसके बाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मजेदार यह है कि 31 मार्च को हाईकोर्ट में हुई पेशी में सप्रे ने कह दिया कि उन्होंने कांग्रेस छोड़ी ही नहीं, इसलिए सदस्यता समाप्ति का सवाल ही पैदा नहीं होता। हाईकोर्ट ने सिंघार से कहा कि 9 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष के सामने प्रस्तुत होकर सबूत पेश करिए। इसके साथ हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 20 अप्रैल निर्धारित कर दी।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने देवास में संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

# आदर्श कार्यकर्ता बनाने के लिए पंच निष्ठाएं महत्वपूर्ण : अजय जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत देवास जिले की देवास विधानसभा के पांचों मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ सत्र को संयुक्त रूप से संबोधित किया। जामवाल ने कहा, भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार आधारित संगठन है।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने "पंच निष्ठाएं" और "पंच परिवर्तन" को कार्यकर्ता जीवन का आधार बताते हुए कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को इन सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रशिक्षण से सशक्त होकर समाज में भूमिका निभाता है कार्यकर्ता

जामवाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय ही सक्रिय नहीं रहते हैं, बल्कि वह समाज के हर क्षेत्र में सेवा और समर्पण के साथ कार्य करते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना के साथ कार्य करना ही भाजपा की पहचान है। इसी के माध्यम से कार्यकर्ता समाज में विश्वास और विश्वसनीयता स्थापित करता है। "पंच निष्ठाएं" जहां कार्यकर्ता के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करती हैं, वहीं "पंच परिवर्तन" समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। इन दोनों के समन्वय से ही एक आदर्श कार्यकर्ता का निर्माण संभव है, जो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जामवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ किया योग-प्राणायाम

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत इंदौर में निपानिया मंडल प्रशिक्षण वर्ग में रात्रि विश्राम कर कार्यकर्ताओं के साथ सुबह योग एवं प्राणायाम में सहभागिता की। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित पार्टी के अनेका कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तिलक लगवाते हैं, आरती करते हैं, लेकिन वंदे मातरम नहीं बोलते

**भोपाल।** शहर के वार्ड-51 के शाहपुरा में रविवार को पार्क और सीमेंट क्रांकीट सड़क के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के मौके पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि कुछ नेता वोट की राजनीति के लिए ढोंग करते हैं। जब जनता के बीच जाना होता है, तो वे तिलक भी लगवाते हैं, आरती भी करते हैं और माता की चुनरी भी ओढ़ लेते हैं, लेकिन विधायक बनते ही उनकी निष्ठा बदल जाती है और वे राष्ट्र की आन-बान-शान 'वंदे मातरम' गाने से भी इनकार कर देते हैं। जनता अगली बार मध्य विधानसभा का नेतृत्व किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में दे, जो राष्ट्रवाद की विचारधारा को सर्वोपरि रखे।




## विधायक भारती की सदस्यता खत्म होने के बाद मुश्किलें बढ़ीं

राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सियासी हलचल तेज

# राज्यसभा की तीसरी सीट पर भाजपा की नजर- कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग का डर, मजबूत दावेदार उतरने पर ही मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा अब तीसरी राज्यसभा सीट पर भी जीत की संभावनाएं तलाश रही है, जबकि कांग्रेस अपने विधायकों को एकजुट रखने की चुनौती से जूझ रही है। दरअसल, कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती की सदस्यता खत्म होने के बाद पार्टी का संख्या बल घट गया है, जिससे मुश्किलें बढ़ गई हैं।

वर्तमान में कांग्रेस के पास 63 विधायक हैं, जबकि पहले 66 थे। उधर, भाजपा की नजर उन कांग्रेस विधायकों पर बताई जा रही है, जो सरकार को लेकर 'सॉफ्ट कॉर्नर' रखते हैं। पार्टी इसी संभावित समर्थन के आधार पर तीसरी सीट पर दांव लगाने की रणनीति बना रही है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दावा किया है कि सभी विधायक एकजुट हैं।

## राज्य सभा के लिए संख्या बल का गणित

230 सदस्यीय विधानसभा में एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए 58 वोटों की जरूरत होती है। भाजपा के पास 164 विधायक हैं, जो उसे दो सीटों पर जीत के लिए पर्याप्त बढ़त देते हैं। हालांकि तीसरी सीट के लिए उसके पास केवल 47 वोट हैं, यानी उसे अतिरिक्त समर्थन की जरूरत पड़ेगी। वहीं कांग्रेस के पास 63 विधायक हैं, जो एक सीट के लिए जरूरी आंकड़े से सिर्फ पांच अधिक हैं। ऐसे में यदि क्रॉस वोटिंग होती है या कोई विधायक अनुपस्थित रहता है, तो पार्टी के लिए स्थिति मुश्किल हो सकती है।

### दलबदल और कानूनी उलझनें बढ़ा रहीं चिंता

बीना से विधायक निर्मला सप्रे के आचरण को लेकर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की जा रही है। वहीं, छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कमलेश शाह और विजयपुर से रामनिवास रावत पहले ही इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। रामनिवास रावत उपचुनाव हार गए, जबकि मुकेश मल्होत्रा के मतदान अधिकार पर अदालत द्वारा रोक लगाए जाने से भी समीकरण प्रभावित हो रहे हैं।

### निर्णायक हो सकती है तीसरी सीट

सूत्र बताते हैं कि भाजपा तीसरी सीट पर भी उम्मीदवार उतार सकती है। ऐसे में कुछ विधायकों की नाराजगी, अनुपस्थिति या क्रॉस वोटिंग परिणाम बदल सकती है। कांग्रेस के लिए अपने विधायकों को एकजुट रखना इस चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930